

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 18 नवंबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 265, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए : रामनाथ कोविंद

एजेंसी

**डेहरी आन सोन।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि बदलते भारत की तस्वीर में महिलाओं एवं दबे कुचले समुदाय का शैक्षणिक विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए ताकि कितनी भी विषम स्थितियां क्यों ना हो हम मजबूती से उसका मुकाबला कर सकते हैं। रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में आज मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कोविन्द ने यहां अधिक संख्या में बेटियों के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बढ़ते बिहार और विकसित होते भारत की निशानी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने छात्रों का आह्वान किया कि आप केवल नौकरी पाने वाली शिक्षा ग्रहण न करें बल्कि अपने शिक्षा से दूसरों को नौकरी प्रदान करने की क्षमता रखने का संकल्प लें । उन्होंने कहा कि आज लोग कृषि और व्यवसाय को अच्छी दृष्टि से नहीं देखते हैं जो की उचित नहीं है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग करने के बाद नौकरी छोड़कर लोग कृषि से अपनी आय



को दुगनी कर रहे हैं और इस परिस्थिति में कई अन्य को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कुलाधीपति गोपाल नारायण सिंह की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विश्वविद्यालय बिहार ही नहीं बल्कि राष्ट्र के शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित हो चुका है और निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बनकर उभरा है। कार्यक्रम को कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ,बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ,भूमि राजस्व मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर प्रोफेसर धर्मेश श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर मंचाशीन सभी अतिथियों के अलावे कुलाध्यक्ष एवं छपरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर हरिकेश सिंह एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉक्टर संजय कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में प्रबन्ध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शिक्षा मंत्री एवं भू राजस्व मंत्री को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवम अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।

## मंत्री कैलाश गहलोत ने दिया आम आदमी पार्टी और सरकार से इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत ने राजधानी में चुनाव से 3 महीने पहले पार्टी और सरकार दोनों से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि पार्टी और सरकार अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है और दिल्ली की जनता के बजाय राजनीतिक एजेंडा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कैलाश गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को केवल दो लाइनों में उन्होंने इस्तीफा लिखा है, लेकिन आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे इस्तीफे में उन्होंने विस्तार से इसके पीछे के कारणों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा, ÷राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लोगों के प्रति प्रतिबद्धता का स्थान ले



लिया है। इसी के चलते जनता को किए गए कई वादे अधूरे हैं।÷ इस संदर्भ में उन्होंने दिल्ली में यमुना की सफाई के वादे का उल्लेख किया। अपने पत्र में गहलोत ने मुख्यमंत्री आवास पर करोड़ों का खर्च कर हुए निर्माण कार्य से जुड़े विवाद 'शीश महल' का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे बहुत से लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ है कि क्या हम अब भी आम आदमी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के बजाय हम राजनीतिक एजेंडा के लिए ज्यादा लड़ाई लड़ रहे हैं। यह स्वाभाविक है कि दिल्ली की जनता की वास्तविक भलाई केंद्र सरकार से लगातार लड़ते रहने से हासिल नहीं होगी। अपने पत्र के अंत में उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा दिल्ली की जनता की सेवा से शुरू हुई थी और वह आगे भी जारी रहेगी।

## हवाला घोटाले में गिरफ्तार बांग्लादेशियों के बैंक खातों की जांच कर रहा ईडी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हवाला मामले में उसके द्वारा गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी नागरिकों रोनी मोंडल और समीर चौधरी के बैंक खातों की जांच कर रहा है। उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में रहने वाले मंडल के बहन, बहनोई और भतीजे के बैंक खातों की भी ईडी अधिकारी जांच कर रहे हैं।सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों का मानना ??है कि मंडल के पास उच्च स्तरीय प्रभावशाली राजनीतिक संपर्क हैं, जिसके कारण वह बांग्लादेशी नागरिक होने के बावजूद स्थानीय बैरकपुर नगर पालिका से शहरी नागरिक निकाय के लिए अनुबंध कार्य करने हेतु व्यापार लाइसेंस प्राप्त करने में सक्षम हो गया। जांच अधिकारियों का मानना है कि मंडल




इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की विभिन्न जनसभाओं में मौजूद था। सूत्रों ने बताया कि उनके बैंक खातों की जांच से अधिकारियों को पैसे के लेनदेन के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी, जिससे समय के साथ प्रभावशाली लोगों की पहचान हो सकेगी।मंडल और चौधरी के अलावा ईडी अधिकारियों ने हवाला घोटाले के सिलसिले में पिंटू हलदर और पिंकी बसु नामक दो नागरिकों को भी गिरफ्तार किया था। ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों के साथ पश्चिम बंगाल और झारखंड में फैले हवाला घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में 12 स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। इस घोटाले का संबंध बांग्लादेश से भी है। इन 12 स्थानों में उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में एक महिला का घर भी शामिल है।

## पंजाब सीमा से बीएसएफ ने 3 ड्रोन व हेरोइन की खेप पकड़ी

**चंडीगढ़।** सीमा पार से होने वाली ड्रोन घुसपैठ को असफल बनाते हुए बीएसएफ ने तीन पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन की खेप बरामद की है।बीएसएफ प्रवक्ता ने सुबह बताया कि बीएसएफ इंटेलिजेंस की सूचना पर अमृतसर बॉर्डर एरिया में सर्च करते हुए दो डीजेआई मविक 3 क्लासिक ड्रोन तथा एक चीन में निर्मित डीजेआई एयर 3एस ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ ने एक ड्रोन के साथ बंधे पीले रंग के पैकेट की तलाशी ली तो उसमें 540 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पकड़े गए सभी ड्रोन का इस्तेमाल सीमा पार नशे व हथियार तस्करी के लिए किया जाता है। आश्चर्यजनक बात ये है कि सीमावर्ती क्षेत्र से बीएसएफ द्वारा अक्सर पाक निर्मित ड्रोन पकड़े जाते हैं।

## समुद्री सीमा पर तटीय सुरक्षा के लिए आईसीजी की भूमिका को संसदीय समिति ने सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने भारत की विशाल समुद्री सीमा पर तटीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के कामकाज को सराहा है। समीक्षा बैठक में महानिदेशक एस. परमीश ने समिति को आईसीजी संचालन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें इसकी व्यापक निगरानी प्रणाली, उन्नत पोत बेड़े और विशेष प्रतिक्रिया इकाइयां शामिल हैं। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि चेन्नई में हुई सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए सांसद राधामोहन सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रक्षा मंत्रालय और आईसीजी के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। आईसीजी का प्रतिनिधित्व




महानिदेशक एस. परमीश ने किया, जिन्होंने आईसीजी की परिचालन क्षमताओं, रणनीतिक पहलों और देश की तटीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की तैयारियों की जानकारी समिति को दी। बैठक में भारत के समुद्री हितों की रक्षा, विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय में सुधार और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिक्रिया तंत्र को बढ़ाने के लिए आईसीजी के चल रहे प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही समुद्री सुरक्षा के लिए खतरा बने अवैध मछली शिकार, तस्करी और मानव तस्करी को रोकने में आईसीजी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। समिति के सदस्यों ने भारतीय तटरक्षक बल की हालिया उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में तटीय सुरक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने और अत्यधुनिक तकनीकों को लागू करने में बल की महत्वपूर्ण प्रगति को स्वीकार किया गया। संसदीय स्थायी समिति ने भारत की 11,098 किलोमीटर लंबी तटरेखा की सुरक्षा और महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आईसीजी की सक्रिय भूमिका को सराहा।



# पास्को एक्ट के मामले में चार वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना बकेवर पुलिस द्वारा तीन वांछित अभियुक्तगण कैफ खान पुत्र हसरत अली . हसरत अली पुत्र स्व0 अमीरे . फातिमा पत्नी हसरत अली निवासीगण ग्राम रामपुर बकेवर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।इसी प्रकार थाना औंग पुलिस द्वारा एससी/एसटी एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त रोशन खान पुत्र राजू छातावाल नि0 ग्राम औंग थाना औग फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।







# पुलिस अधीक्षक ने अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन कर दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** रविवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा प्रतिभाग कर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा समस्त थानों द्वारा माल निस्तारण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही, विवेचनाओं के निस्तारण कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की गई साथ ही गम्भीर अपराधों के घटित होने पर तत्काल मौके पर जाने एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने एफ.आई.आर. का शत-प्रतिशत पंजीकरण किये जाने व लम्बित प्रकरण में 14(1) गैंगस्टर अधिनियम/ गौ तस्करी व अन्य अपराध जैसे- लम्बित चोरी/नकबजनी/लूट/हत्या व आई.जी.आर.एस. पोर्टल की शिकायतों तथा अन्य लम्बित शिकायत प्रार्थना पत्र का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किये जाने, वेरीफिकेशन सम्बन्धित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने, शातिर अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, भूमि विवाद के प्रकरणों को राजस्व विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर मौके पर जाकर निस्तारित कराने, यू0पी0-112 के कर्मचारियों की सतर्कता परखने एवं उनका रिस्पान्स टाईम सुधारे जाने, विवेचनाओं की गुणवत्ता को सुधारे जाने, किरायेदारों/नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही किये जाने, थाने के अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी कार्यालय या थाने पर आने वाले आगुन्तकों के साथ अत्यन्त शालीनता का व्यवहार किया जाये तथा उसकी समस्याओं का निस्तारण थाने स्तर पर ही किया जाए। पुलिस लाइन सभागार में ही सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गयी तथा उनकी समस्या के निस्तारण हेतु सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।




# ढाई वर्ष पूर्व अपने परिजनों से बिछड़ी मूक-बधिर युवती को बाराबंकी पुलिस द्वारा उसके परिजन के किया गया सुपुर्द

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** दिनांक- 19.05.2022 को वादी दिनेश चन्द्र पुत्र भारत प्रसाद निवासी ग्राम लोहंजर थाना देवा जनपद बाराबंकी द्वारा थाना फतेहपुर पर अपनी मूक-बधिर पुत्री के ससुरालीजन के विरुद्ध उसके अपहरण कर गायब कर देने के सम्बन्ध में दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा उक्त मूक-बधिर युवती की फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित कर एवं आस-पास के जनपदों में चस्पा किया गया तथा इलेक्ट्रानिक माध्यमों से भी उसकी सकुशल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा भी अथक प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिला उपनिरीक्षक व महिला आरक्षियों की कई टीमों का गठन कर एक विशेष अभियान ऑपरेशन खोज चलाया जा रहा है, जिसके तहत महिलाकर्मियों की टीम प्रत्येक दिवस जनपदों के सीमावर्ती 10 गांवों का भ्रमण कर फोटो से पहचान व उ-ढह्लल्ल ऐप के माध्यम से भी सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के क्रम में जनपद हरदोई के थाना क्षेत्र शाहाबाद के ग्राम आगापुर निवासी शिवकुमार के घर उपरोक्त मुकदमे से सम्बन्धित अपहता के मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई। *पुलिस द्वारा मुक-बधिर युवती को ग्राम आगापुर थाना शाहाबाद जनपद हरदोई से सकुशल बरामद किया गया।* शिवकुमार उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक- 22.06.2022 को मैगलगंज, जनपद लखीमपुर में स्थित बाला जी मन्दिर में यज्ञ के दौरान मन्दिर परिसर में भटकते हुए यह युवती उसे मिली थी, जो सुन व बोल पाने में असमर्थ थी, जिसे मानवीयतावश सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने साथ लाकर पुत्रीवत घर में रख लिया था एवं लगातार उसके परिजनों को खोजने का प्रयास कर रहा था। रविवार को पुलिस द्वारा बरामद युवती को उसके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया। *ढ़ाई वर्ष बाद अपनी पुत्री को पाकर परिजनों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।



# मानवीय संवेदना, सरोकार की सशक्त अभिव्यक्ति है जीवन की रंगोली

## रजनी केसरवानी ने किया है पुस्तक का संपादन । प्रियंका पल्लवी के काव्य संग्रह बस, कुछ ऐसे ही प्रकाशित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जीवन की रंगोली नामक साझा संग्रह का संपादन सुश्री रजनी केसरवानी ने किया है जो छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के निवासी हैं । यह संग्रह भारत के विभिन्न राज्यों के साहित्यकारों की रचनाओं को एकत्रित करता है जिसमें जीवन के अनुभवों को कविता ,लघु कथाओं और नाटकों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है जो पढ़ने में रूचिकर और ज्ञानवर्धक है। पुस्तक का प्रकाशन बुक्स क्लिनिक पब्लिशिंग, बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने किया है।

प्रियंका पल्लवी है। जो शिक्षा विभाग प्रयागराज में कार्यरत हैं। इस संग्रह में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से प्रियंका पल्लवी की रचनाएं भी सम्मिलित की गई हैं। वह प्रयागराज के समृद्ध साहित्यिक विरासत की उदीयमान लेखिका है। इस संग्रह में पुरुषत्व एवं आंसू नामक दो कविताएं इस काव्य संग्रह में सम्मिलित की गई है ,जो मानवीय संवेदना और सरोकार की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह दोनों कविताएं प्रियंका पल्लवी रचित काव्य संग्रह 'बस ...कुछ ऐसे ही' से ' जीवन की रंगोली' नामक साझा संग्रह में सम्मिलित की गई है । प्रियंका पल्लवी के काव्य संग्रह बस...कुछ ऐसे ही ' की साहित्यिक जगत में भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है। ये प्रयागराज की मूल निवासी हैं।इनकी शिक्षा दीक्षा प्रयागराज में हुई। वर्तमान में प्रियंका पल्लवी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं।

# सपा का सफाया करने का यही समय है - केशव मौर्य

## फूलपुर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल का उपमुख्यमंत्री ने किया आवाह्न





**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** फूलपुर विधानसभा का उपचुनाव जीतने के लिए फूलपुर के डोकरी गांव में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर रात दिन एक कर दे समय बहुत कम है दीपक पटेल के समर्थन में फूलपुर के ढोकरी में सभा करने आए उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ये समय सपा को समाप्तवादी पार्टी बनाने सही समय है, ये समय सपा को उखाड़ फेंकने और विकास, सुरक्षा व राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने का है, आप सभी भारी बहुमत से विकास का कमल खिला कर भाजपा को मजबूत बनाने का कार्य करें। इस अवसर पर फूलपुर के उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, सांसद प्रवीण पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी निर्मला पासवान, जिला प्रभारी उत्तम मौर्य, जिला अध्यक्ष कविता पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डाक्टर बी के सिंह, मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता, अनिल मौर्य, कमलेश मिश्रा, रोहित केसरी, राजकुमार कश्यप, राय साहबकेसरी, रोहित मौर्य, राजा मौर्य सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महामंडलेश्वर हिमांगी सखी मां ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** विश्व की प्रथम पांच भाषाओं में श्रीमद्भागवद् कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां आज प्रयागराज में है। उन्होंने फूलपुर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में झूंसी एवं सहस्त्रों क्षेत्र के की गांव में लोगों से संपर्क कर मतदान की अपील किया। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र देश का ऐसा राजनीतिक दल है जो सनातन धर्म का और उनके लोगों को संरक्षण कर रहा है। उन्होंने कहा कि काशी, अयोध्या और प्रयागराज के धार्मिक स्थलों को संरक्षित किया है। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने कहा कि भाजपा सरकार में देश और प्रदेश का चतुर्दिक विकास हो रहा है जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है ऐसे में सभी लोग भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके भारी मतों से विजयी बनाए और सनातन धर्म को संरक्षित करें। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी, रजनीश शुक्ला, ललिता मिश्रा, क्षमा दुबे, सत्या पांडेय राजू तिवारी सहित अन्य लोग थे।

# धोखा-धड़ी करने वाले गैंग का पदार्फाश, धोखे से गबन किये हुए एक ट्रेलर व कार के साथ दो शातिर गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर ।** 20 अक्टूबर को वादी घनश्याम जायसवाल द्वारा थाना कसया प्रार्थना पत्र दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खरीदने के लिए झांसे में लेकर उनका ट्रेलर 18 चक्का का गबन कर लिया गया है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कसया पर अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। रविवार को थाना कसया, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए धोखाधड़ी कर अमानत में खयानत करने वाले अभियुक्तों अर्पित मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्रा साकिन विजयपुर थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर, प्रभात पाण्डेय पुत्र अनिल कुमार पाण्डेय साकिन काली मन्दिर गली दाउदपुर बेतियाहाता जनपद गोरखपुर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मुकदमें से सम्बन्धित ट्रेलर तथा घटना में प्रयुक्त एक टाटा नेक्सान कार बरामद किया गया।

# चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद-



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त/शातिर चोर सुभाष चौहान पुत्र राम लखन निवासी कन्डी जानकीनगर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को ईसेपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के जेवरात व 400/-रुपए नकद बरामद किए गए।

अभियुक्त का एक गिरोह है जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करने जैसे अपराध करता है। अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 13.04.2024 की रात को थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नांदकुई में व दिनांक 21/22.01.24 की रात थाना जहांगीराबाद के ग्राम गदाईपुर तथा दिनांक 02/03.02.24 की रात लोहरवा में चोरी की घटना कारित की गयी थी।

# पंपलेट के माध्यम से महिलाओं को किया जागरूक


**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित मिशन शक्ति पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया।

# असोथर पुलिस द्वारा 3 वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना असोथर पुलिस द्वारा वारण्टी रामखेलावन पुत्र सूरजदीन निवासी जमलामऊ थाना असोथर , इन्दल रैदास पुत्र शिवनन्दन निवासी प्रेममऊ कटरा, पंचू तिवारी पुत्र भूरा तिवारी निवासी बड़ा तिवारिन का डेरा मजरे सरकण्डी थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# देवराज सिंह जिलाध्यक्ष, देवी प्रसाद बने मंत्री

## उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) ने दो दिवसीय अधिवेशन के बाद किया घोषित । संगठन को मजबूती देंगे देवराज, देवी प्रसाद : डा हरिप्रकाश यादव

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रांतीय निदेर्शानुसार प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव के निर्देश पर जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन सहित नव निर्वाचन कुल भास्कर कृषि इंटर कॉलेज में आज संपन्न हुआ जिसमें देवराज सिंह प्रयागराज को संगठन का जिला अध्यक्ष और देवी प्रसाद यादव को मंत्री बनाया गया। जनपद की कार्यकारिणी सहित जिले के तमाम शिक्षक उपस्थित होकर पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद जावेद को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने की बधाई दी गई। कार्यक्रम के निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रमोद पाल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों को बधाई दिया । उन्होंने कहा कि एकजुट आज पूरे प्रदेश में कार्यरत शिक्षकों का एकमात्र ऐसा संगठन है जिसके ऊपर पूरे प्रदेश का शिक्षक अपने हक और अधिकारों के लिए आशा और विश्वास के साथ देखता है हम सभी पदाधिकारियों का दायित्व बनता है कि एकजुट होकर शिक्षकों की समस्त समस्याओं का



निराकरण करते हुए संगठन को नई ऊंचाई तक ले जाएं। एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामना देते हुए अपने कार्य और जिम्मेदारियां के प्रति ईमानदार रहते हुए संगठन को मजबूत करने की सलाह दी और कहा जब संगठन मजबूत होगा तभी पूरे प्रदेश में शिक्षकों का अधिकार सुरक्षित होगा। एकजुट के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी शिक्षक साथियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को मिली नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए बेहतर कार्य का भरोसा जताया।

कार्यक्रम में एकजुट के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश पासी, आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुधाकर ज्ञानार्थी, पुरुषोत्तम वर्मा, लक्ष्मी नारायण सिंह सहित कई प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अरुण सिंह, आशीष गुप्ता, गार्गी श्रीवास्तव डा. राजेश सिंहा, विजय प्रकाश भारतीय विद्रोही, राजेश कुशवाहा, प्रदीप कुमार, राकेश यादव, अजय विश्वकर्मा, बीरेन्द्र कुशवाहा, राकेश कुमार, विजय यादव, शैलेन्द्र सरोज, विनोद यादव, महेन्द्र कुमार मौर्य, प्रकाश जायसवाल, देवेन्द्रप्रताप, अनिल भारतीय, दिनेश यादव, रूपचन्द्र गौतम, बीरेन्द्र कुमार, राम राज राजीव रंजन पटेल आदि जिला पदाधिकारी चुने गए जिसमें जिले के तमाम शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद जावेद तथा संचालन सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

## घर में सो रहे परिवार पर गिर पड़ी कच्चे घर की छत, सभी लोग दबे,दो मासूम बच्चे गंभीर घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** जिले में कच्चे घर में सो रहे परिवार पर देर रात अचानक छत गिर गई, कच्चे घर की छत गिरने से नीचे सो रहे सभी लोग मलबे में दब गए,कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया,जिसमे दो मासूम बच्चे गंभीर घायल हो गए,जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर कोदन गांव के वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा अपनी पत्नी मीना देवी और दो मासूम बच्चियों मीनाक्षी 6 वर्ष और मानवी 3 वर्ष के साथ घर के अंदर सो रहे थे,देर रात अचानक घर की छत भरभरा कर गिर गई, जिसमें सभी लोग दब गए।उन्होंने शोर मचाया तो पड़ोस के लोग दौड़े आए और मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला गया,जिसमे दोनो मासूम बच्चियां गंभीर घायल हो गई।जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा इनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## मंझनपुर चौराहे पर पुलिस ने लगाई चेकिंग



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के मुख्य चौराहे पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने रविवार की शाम को वाहन चेकिंग अभियान चलाया है इस दौरान कोतवाली पुलिस ने दर्जनों दो पहिया वाहन के अभिलेखों की चेकिंग की और वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दिया है कि वह वाहन चलाते समय संपूर्ण अभिलेख लेकर चलें और सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाए जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

## दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० राजकुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त गोरेलाल सिंह पुत्र स्व० रामकृपाल सिंह निवासी पडरिया सुकवारा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 360 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 25 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना करारी से 06, थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना सराय अकिल से 01, थाना पिपरी से 08, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 07) कुल 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

# अपराध गोष्ठी एवं कार्यशाला में एसपी ने मातहतों को किया जागरूक

## कई योजनाएं बनीं और महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से हुई चर्चा

**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में अपराध गोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नए कानून बीएनएस, बीएनएसएस व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विधिक एवं व्याहारिक जानकारी दी गई। ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत अभियोगों का चिन्हीकरण करते हुए गुणवत्ता पूर्वक विवेचना निस्तारित कर न्यायालय के समक्ष प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को त्वरित सजा दिलाए जाने की नीति पर विस्तार से चर्चा की गई। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रमुख चौराहों, स्थानों पर कैमरे लगाकर निगरानी करने को निर्देशित किया गया। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए त्वरित व गुणवत्ता परक समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया गया। अपराध नियंत्रण के




उद्देश्य से डीजी परिपत्रों के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए माफिया, गैंग, हिस्ट्रीशीटरों समेत अन्य अपराधियों का सत्यापन करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया गया। सर्दियों के दौरान रात्रि में पशु चोरी, नकबजनी लूट आदि घटनाओं पर अंकुश लगाने के पर जोर दिया गया। कहा गया कि रात में पिकेट, गस्त व बैरियर लगाकर चेकिंग को तेज किया जाए। प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान जनपद कौशाम्बी में सुगम यातयात व्यवस्था, डाइवर्जन तथा पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्य योजना बनाकर निरन्तर अभ्यास किए जाने पर बल दिया गया। कार्यशाला में अलग अलग बिन्दुओं पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह समेत क्षेत्राधिकारियों अभिषेक सिंह, सत्येंद्र प्रसाद तिवारी, अवधेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा भी विधिक जानकारी देते हुए उपस्थित पुलिस कर्मियों को शिक्षित, प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी, हल्का प्रभारी व थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## गैंगरेप का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** एयरपोर्ट पुलिस गैंगरेप के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को रविवार गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक एयरपोर्ट अरुण कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर गैंगरेप में मामले में वांछित अभियुक्त शैफू उर्फ सोहित कुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम कटहुला गौसपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को ग्राम गांजा और ग्राम कटहुला के बीच में ससुर खदेरी नदी के पुलिया के पास बहद ग्राम गांजा थाना क्षेत्र एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## दो लुटेरे थरवई पुलिस के हत्थे चढ़े , नगदी मोबाइल बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** थरवई पुलिस लूट के आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो लुटेरे को गिरफ्तार कर मोबाइल नगदी बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक थरवई अरविंद गौतम ने बताया कि लूट के 2 वांछित अभियुक्त अनुराग यादव पुत्र सत्यनारायण सिंह यादव . सत्यनारायण सिंह यादव पुत्र स्व0 राजबहादुर यादव निवासीगण ग्राम चकिया थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज को थरवई क्षेत्रान्तर्गत पेट्रोल पम्प पड़िला के पास मुकदमा उपरोक्त में लूट के 4,720/- रुपये व 01 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय है कि दिनांक-15.11.2024 को उ0नि0 संजीव सिंह द्वारा थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत 40 नम्बर गुमटी पर जाम छुड़ाते समय स्विफ्ट कार वाहन में बैठे व्यक्तियों से कार साइड से निकालने हेतु कहा गया, तभी कार में बैठे व्यक्तियों द्वारा कहा-सुनी करते हुए फोन करके मौके पर अपने अन्य साथियों को बुला लिया गया । उ0नि0 संजीव सिंह द्वारा वाद विवाद कर रहे अभियुक्तों से कार सहित थाना थरवई चलने को कहा गया किन्तु अभियुक्तगण द्वारा उ0नि0 संजीव सिंह को कार में बैठाकर थाने की तरफ न ले जाकर टेराकोट कम्पनी से आगे सुनसान जगह पर ले गये तथा गाली-गलौज देते हुए मार-पीट करने लगे व गले से सोने की चेन व 02 मोबाइल फोन व 5000/- रुपये छीनकर जान से मारने की धमकी देने की घटना कारित की गयी थी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 रामायण सिंह. उ0नि0 अर्जुन सिंह. उ0नि0 जितेन्द्र नाथ सिंह, प्रशि0 उ0नि0 संयम जायसवाल. प्रशि0 उ0नि0 मो0 इमरान. प्रशि0 म0उ0नि0 निधि पटेल, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## रंग बिरंगी रोशनी से गुलजार देवीगंज दशहरा मेला का लोगों ने उठाया लुत्फ



**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज कस्बे का दो दिवसीय दशहरा मेला धूमधाम से हुआ। मेला में रंग बिरंगी रोशनी आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में लोगों ने मेला का भरपूर लुत्फ उठाया। श्रीशिवचंडी हनुमान मंदिर में पूरे विधिविधान के साथ पूजन - अर्चन से शुरू दशहरा मेले का दूसरे दिन समापन हो गया। महिलाओं व बच्चों ने मेले में लगे मीना बाजार में जमकर खरीदारी की। चाट-फुल्की समेत झूले का भी भरपूर आनन्द लिया। मेला का मुख्य आकर्षण कलात्मक चौकियां रही। कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम की अध्यक्ष रागिनी अरुण केशरवानी समेत अन्य अतिथियों का फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत - सम्मान किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। मेला आयोजक चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी व प्रमुख संरक्षक नियाज अहमद सिद्दीकी ने आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। सुरक्षा के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा, थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। इस अवसर पर नीरज साहू, मोनू मोदनवाल, रमेश सोनकर, प्रकाश पाल, डॉ पीके सिंह, संजय मिश्रा, प्रमोद साहू, श्यामू अग्रहरि, वीरेंद्र कुशवाहा, पंकज गौतम, अंकित साहू, मो उमरान, डोलू गौतम, मोनू अग्रहरि, नमन मोदनवाल, होरीलाल अग्रहरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों को सिखाना सबसे बड़ी चुनौती : न्यायाधीश अजीत कुमार

## बच्चों का समग्र विकास आवश्यक : रेखा वैद्य । पतंजलि नर्सरी स्कूल के बच्चों ने उत्साह के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पतंजलि नर्सरी स्कूल के प्रांगण में आज नर्सरी कक्षा का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश अजीत कुमार थे। विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती कृष्ण गुप्ता, रविंद्र गुप्ता एवं डायरेक्टर श्रीमती रेखा गुप्ता वैद्य और यशोवर्धन गुप्ता ने उपस्थित होकर नन्हे - मुन्ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया । अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे एवं मनमोहक गणेश भक्तों की भोली आवाजें, मनोहर एवं भावपूर्ण प्रस्तुति ने सबको मोह लिया । रेनबो डांस में बच्चों ने जीवन के रंगों के महत्व दशार्ते हुए मनमोहक प्रस्तुति दी ।



पेड़ बचाओ जीवन बचाओ नामक नृत्य-नाट्य ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । छोटे कलाकारों की भाव विभोर कर देने वाली हस्त एवं पद मुद्राओं ने वहां बैठे सभी लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया । बच्चों ने हिंदी एवं अंग्रेजी कविताओं का समागम कर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया । मुख्य अतिथि न्यायाधीश अजीत कुमार ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि नन्हें बच्चों को सिखाना एक चुनौतीपूर्ण एवं जिम्मेदारी भरा कार्य है जो कि पतंजलि स्कूल के अध्यापकगण बहुत ही अच्छी तरह से निभाते हैं ह्ल विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती रेखा वैद्य गुप्ता ने सभी अध्यापकों की सराहना की और कहा बच्चों का समग्र विकास होना आवश्यक है इसके प्रति हमारा पतंजलि स्कूल पूरी तरह से समर्पित है । विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती विभा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया और अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद किया ।उन्होंने कहा प्रत्येक बच्चा स्वयं में अनोखा है, पतंजलि नर्सरी स्कूल में सभी बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का पूर्ण प्रयास किया जाता है।

## घर में घुसे चोर उठा ले गए सोने चादी के आभूषण, शहजादपुर पुलिस करती रही गास्त चोर करते रहे चोरिया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कोखराज / कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के अंदावा गांव में हर रोज की तरह खाना पीना करने के बाद नियामत अली का परिवार सो गए जब नियमत अली रात दो बजे बाथरूम के लिए उठा तो देखा कमरा का सारा सामान बिखरा पड़ा है यह देख कर वह दंग रह गया रात को ही नियमत अली ने अपने ससुर मोहमद आयुब को जानकारी दिया बीती रात चोरों ने दीवाल से फांदकर घर के अंदर घुसकर कमरे में रखा जेवरात,झुमकी नथीया पायल दो और नगदी नौ हजार सहित सामान चोर उठा ले गए ।

नियामत अली निवासी सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर ने बताया कि उसकी ससुराल कोखराज के अंदावा गाँव में मोहम्मद अयूब के यहां है। वह पिछले चार दिनों से ससुराल में ही रह रहा था। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने दीवाल फांदकर कमरे में रखा बक्से के अंदर से दो पायल, एक सोने की बाली और एक सोने की झुमकी व नौ हजार रुपए नकद उठा ले गए। घटना की लिखित शिकायत कोखराज पुलिस से की गई है।

# पिकअप की टक्कर से मां की मौत, बेटा गंभीर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** रविवार को करछना-कोहडार घाट राजमार्ग पर भडेव्रा बाजार में अनियंत्रित पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से मां की मौके पर मौत हो गई, बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को सीएचसी करछना ले जाया गया। जहां पर स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों की ओर से स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

करछना थाना क्षेत्र के देवरी खुर्द गांव निवासी किसान राम सिंह पटेल के छह पुत्रों में पांचवा पंकज पटेल और चौथा पुत्र शिवराज पटेल (20) वर्ष अपनी माता कमला देवी (56) वर्ष के साथ बाइक से करछना थाना क्षेत्र के धरवारा गांव के मजरा तुरकहा गांव में जा रहे थे। तुरकहा गांव निवासी रिश्तेदार नंदलाल पटेल के यहां महिला की मृत्यु हो गई थी और तीनों लोग वहीं जा रहे थे।

भडेव्रा बाजार में बाइक खड़ी कर-के पंकज पटेल कपड़े की दुकान से कफन खरीद रहे थे। सड़क के किनारे खड़ी माता कमला देवी (56) वर्ष और बेटा शिवराज पटेल 20 वर्ष को कोहड़ार की ओर से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमला देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

शिवराज पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप पर गायें लदी थीं, जिन्हें लेकर चालक करछना की ओर जा रहा था।

हादसे में सड़क के किनारे खड़े अन्य वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोगों ने दौड़ाकर चालक को दबोच लिया। मौके पर पहुंची पुलिस वाहन समेत चालक को थाने ले गई। शिवराज पटेल को करछना में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों की ओर से स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। किसान राम सिंह पटेल के बड़े पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि शिवराज का दायां पैर टूट गया है।

सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि भाई शिवराज पटेल हिनौता गांव के एक निजी विद्यालय में कक्षा 11 में पढ़ता है और रामपुर स्थित एक स्टेडियम से क्रिकेट की भी तैयारी कर रहा है। मां की मृत्यु से व भाई के घायल होने से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## हंडिया पुलिस ने शांति भंग में 6 का किया चालान

**राम सिंह यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**हंडिया।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया प्रयागराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हण्डिया बृजकिशोर गौतम के निर्देशन मे थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को शान्ति/कानून व्यवस्था भंग करने के दृष्टिगत 6 व्यक्तियों अनुज यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी ग्राम धनजैया, प्रदीप कुमार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी अहिरी. समीत कुमार पुत्र श्री झल्लू निवासी अहिरी थाना हण्डिया, भानुप्रताप सिंह पुत्र श्री प्रकाश सिंह निवासी ग्राम केवटाही मठहा थाना कोईरोना भदोही, शुभम सिंह पुत्र नन्हकू सिंह निवासी ग्राम केवटाही मठहा थाना कोईरोना भदोही, सन्दीप कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व० आत्माराम त्रिपाठी निवासी ग्राम वदरी थाना गोपीगंज जनपद भदोही का चालान किया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीमः**

प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया . उ0नि0 अमित कुमार चौकी प्रभारी इममागंज. उ0नि0 अजय कुमार सिंह, उ0नि0 अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा बाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## उबालते वक्त टूटेंगे नहीं अंडे...ऐसे ही ये किचन हैक्स आसान कर देंगे काम



**किचन में खाना बनाना और फिर सफाई करना...आसान नहीं होता है. इन सबके बीच काफी ज्यादा स्ट्रेस हो जाता है. वर्किंग लोगों के लिए ये और भी ज्यादा मुश्किल होता है. कुछ ऐसे किचन हैक्स हैं जो आपके काम को आसान बनाते हैं और स्ट्रेस भी नहीं होता है.**

किचन में काम करना आसान नहीं होता है. घरों में आज भी महिलाओं का बहुत सारा समय किचन में ही गुजरता है, क्योंकि आजकल ज्यादातर महिलाएं भी कामकाजी हैं, ऐसे में सुबह ऑफिस पहुंचने की जल्दी और इस दौरान ब्रेकफास्ट बनाने से लेकर खुद के लिए और बच्चों के लिए टिफिन तैयार करने तक बहुत ज्यादा व्यस्तता हो जाती है. ऐसे में जरूरी है कि कुछ ऐसे किचन हैक्स पता हो जिससे काम फटाफट हो जाए और आपको उलझन भी न हो. इससे समय भी बचता है और स्ट्रेस भी कम होता है.

खाना बनाना सिर्फ पेट भरने के लिए कोई भी चीज बना लेना नहीं होता है, बल्कि ये एक कला होती है, जिसे थोड़े स्मार्ट तरीके से किया जाए तो स्ट्रेस नहीं होगा, बल्कि काम करने में खुद को भी अच्छा लगता है. तो चलिए जान लेते हैं कुछ किचन हैक्स.

उबालते वक्त नहीं टूटेंगे अंडे

बहुत बार ऐसा होता है कि अंडा करी बनानी है और अंडे उबालते वक्त टूट जाते हैं, जिससे देखने में काफी खराब लगने लगते हैं. इससे बचने के लिए अंडों को उबालते वक्त उसमें एक चम्मच वाइट विनेगर डाल दें. अगर घर में वाइट विनेगर न हो तो एक चम्मच नमक डाल देना चाहिए. इससे अंडा छिल भी आसानी से जाता है.

मूंगफली के छिलके मिनटों में हो जाएंगे अलग

सर्दियों के दिनों में लोग अपने घरों में गुड़ और मूंगफली की चिक्की या फिर लड्डू तैयार करते हैं. इसके लिए बहुत सारे मूंगफली के दाने रोस्ट करने होते हैं, लेकिन छिलका हटाने में काफी टाइम चला जाता है. इस झंझट से बचने के लिए भुने गए मूंगफली के दानों को एक साफ तौलिया में डालकर ढीली पोटली बना लें और इसे अच्छे से रगड़ें. आप जब पोटली खोलेंगे तो देखेंगे कि सारे छिलके हट गए हैं और ये इधर-उधर फैलते भी नहीं हैं आप आराम से डस्टबिन में सारे छिलके डाल सकते हैं.

कुकर से बाहर नहीं निकलेगी दाल

दाल को उबालते वक्त जैसे ही सीटी लगती है तो सारा पानी बाहर आ जाता है, जिससे ढक्कन के साथ ही गैस चूल्हा भी गंदा हो जाता है और कुकर की सीटी को साफ करने में भी काफी परेशानी होती है. इससे बचने के लिए दाल को उबालने रखते वक्त उसमें थोड़ा सा तेल डाल दें या फिर एक स्टील की कटोरी डाल दें. इससे पानी ढक्कन के बाहर नहीं आएगा.

लहसुन इस तरह से फटाफट छिल जाएगा

सब्जी से लेकर दाल तक में लहसुन की अरोमा स्वाद को बढ़ा देते है और ये हेल्थ के लिए भी जरूरी इनग्रेडिएंट है, लेकिन लहसुन को छीलने में थोड़ा वक्त लगता है. ऐसे में आप या तो चिमटे से पकड़कर लहसुन को भून लें या फिर चाकू से इसके ऊपर का हिस्सा काट दें और गर्म पानी में डाल दें. तब तक अपना दूसरा काम निपटा लें. अब आप देखेंगे के लहसुन आसानी से फटाफट छिल जा रहा है.

चाय की छलनी फटाफट होगी साफ

आपके घर में अगर स्टील की छलनी है और चाय छानते-छानते उसकी जाली काली पड़ चुकी है, जिसे साफ करना बहुत मुश्किल लगता है तो आपको सिर्फ करना इतना है कि गैस को ऑन करें, कुछ देर छलनी उसके ऊपर रखें और आंच उन जगहों पर दिखाएं जहां पर कालापन ज्यादा जम गया है. इसके बाद गैस ऑफ कर दें आप देखेंगे कि जैसे ही आप छलनी को थोड़ा सा भी शेक करेंगे तो यह साफ हो जाएगी.

रवा को ऐसे करें स्टोर

सूजी या फिर रवा एक ऐसा इनग्रेडिएंट है जो फटाफट रेसिपी बनाने के काफी काम आता है, जैसे ब्रेकफास्ट में उपमा बनाना, मीठे का मन हो तो सूजा का हलवा फटाफट तैयार हो जाता है, लेकिन सूजी को रोस्ट करने में थोड़ा वक्त जाता है, इसलिए सूजी को पहले से ही रोस्ट करके एक शीशे के एयरटाइट कंटेनर में स्टोर कर लें.

# जीडीपी वृद्धि में छिपा है वैश्विक जलवायु परिवर्तन का राज

भारत में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर 3 करोड़ से अधिक छात्र हैं। इनकी मदद से या एक समकक्ष शहरी समूह कल्याण के माध्यम से हर दो साल में बहु-आयामी उपाय पर डेटा एकत्र करें तो हम हर दौर में आसानी से देश के 25 फीसदी तक का सैंपल ले सकते हैं। जमीनी वास्तविकताओं, स्वैच्छिक राष्टीय सेवा, चरित्र और कम लागत वाले, ईमानदार, सटीक डेटा संग्रह के लिए यह क्या यह एक अच्छा जोखिम नहीं हो सकता है?अजरबैजान की राजधानी बाकू में चल रहा चीफ़ ऑफ़ पार्टीज (सीओपी) का 29वां सम्मेलन जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएएफसीसीसी) के पक्षों का जमावड़ा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण सभा है। 2016 के अंत में जब पेरिस समझौता लागू हुआ तो ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 सेंटीग्रेड तक सीमित करने के लिए 2030 तक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की कटौती की जानी थी। 2016 में वैश्विक उत्सर्जन कार्बन डाई ऑक्साईड (सीओ 2) के बराबर 48 जीटी था। 2023 में 1.5 से.ग्रे. के लक्ष्य को पाने के लिए हमारा उत्सर्जन आदर्श रूप से 38 जीटी होना चाहिए था, लेकिन 2023 में वास्तविक उत्सर्जन 50 जीटी से अधिक था।इस बारे में दो स्पष्टीकरण महत्वपूर्ण हैं। एक, ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 से.ग्रे तक सीमित करना कोई सुहाना सपना नहीं है। हम अभी लगभग 1.1 सें.ग्रे. पर हैं और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जलवायु के बारे में लगभग ऐसी ही खबरें मिलती है। इस लिहाज से 1.5 से.ग्रे. एक बहुत बुरा भविष्य है। दूसरा, सीओपी 29 में 29 का अर्थ है कि हम तीन दशकों से ऐसी उच्च-स्तरीय वैश्विक बैठकें कर रहे हैं और इन महंगी बैठकों के आयोजन का कारण बताने के लिए एकमात्र आउटपुट जीएचजी (ग्रीन हॉऊस गैस) उत्सर्जन की स्थिर वृद्धि है।संकट के समय धरती को बचाने के लिए इंसान बाध्य है। हमारा निरंतर और प्राथमिक प्रयास हमारी भौतिक बेहतरी के लिए काम करना है। हम सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था के लिए जनजातियों या राष्टों का निर्माण करते हैं और इस यात्रा में प्रमुख समझ यह है कि यदि किसी देश को अपने नागरिकों की भलाई सुनिश्चित करनी है तो उसे अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की जरूरत है या दूसरे शब्दों में अपनी जीडीपी बढ़ाने की आवश्यकता है।जीडीपी की धारणा यह है कि %जो समाज दूसरों की तुलना में अधिक उत्पादन और उपभोग करते हैं, वे बेहतर हैं। अर्थशास्त्रियों और नीति निर्माताओं ने इस धारणा को हमारे दिमाग में डाल दिया है जिसे मीडिया ने हवा दे रखी है। 1934 में अमेरिकी अर्थशास्त्री साइमन कुज़नेट्स ने जीडीपी का विचार विकसित किया था। कुज़नेट्स ने खुद अपनी रिपोर्ट में चेतावनी दी थी कि जीडीपी केवल राष्टीय आय का आंकड़ा है, यह नागरिकों के कल्याण का पैमाना नहीं है। हालांकि अमेरिका में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यह



उपाय उल्लेखनीय रूप से प्रभावी साबित हुआ। 1940 के दशक के उत्तरार्ध में चले शीत युद्ध की परिस्थितियों ने यह सुनिश्चित किया कि यह देश की आर्थिक ताकत का प्रमुख उपाय बन जाए। दुनिया भर के देशों के लिए इसे अपनाना स्वैच्छिक और मजबूरी, दोनों ही था। नतीजा यह हुआ कि सरकारों ने वस्तुओं के उत्पादन और सेवाओं को प्रोत्साहित करने और सुविधाजनक बनाने के लिए अपनी भूमिका को समझा। 1990 के दशक में जैसे ही मुक्त बाजार अर्थशास्त्र ने जोर पकड़ा, राज्य की नीतियों ने निजी उद्यमों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन को बढ़ावा देना शुरू कर दिया। जीडीपी एक नीतिगत उपकरण की जगह केवल सभी सरकारों और उनके सलाहकारों का प्रमुख नीतिगत लक्ष्य बन गया।पिछले तीन दशकों से भारत में जीडीपी बढ़ रही है। हकीकत में भारत को देखने वाला कोई भी व्यक्ति पूरी तरह से अलग तस्वीर देखता है। बाजार आधारित अर्थव्यवस्था में बुनियादी दोष यह है कि यह सभी लोगों के लिए उत्पादन नहीं करती है। यह केवल उन लोगों के लिए उत्पादन करती है जिनके पास क्रय शक्ति है या सीधे शब्दों में कहें तो उनके लिए जिनके पास पैसा है। बाजार यह नहीं देखता कि सैंकड़ों- लाखों लोगों को क्या चाहिए, बल्कि वह वही पैदा करता है जो पैसे वाले लोग खरीदना चाहते हैं। इसलिए भारत में जगमगाते मॉल, लक्जरी कारें, स्मार्टफोन और छुट्टियां बिताने के लिए अंतरराष्टीय पर्यटन स्थल हैं।

फिर भी ये सारी बातें केवल शीर्ष 5 फीसदी आबादी के लिए सुलभ हैं जबकि 50 फीसदी से अधिक जनता स्वच्छ पेयजल, भोजन, अच्छा आवास, नौकरी और स्वच्छता की सुविधा पाने के लिए संघर्षरत है।हालांकि जीडीपी बढ़ाने की कोशिश कर रहे अस्तित्व के खतरे की तुलना में उपरोक्त सभी विरोधाभास फीके हैं। वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन बढ़ाना हवाई ख्याल से कम नहीं होता है। उत्पादन के लिए भौतिक संसाधनों और ऊर्जा की आवश्यकता होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो जीडीपी में वृद्धि सीधे उत्सर्जन में वृद्धि को बढ़ावा देती है क्योंकि हमारा यह विश्वास है कि जीडीपी बढ़ाने से ही मानव कल्याण संभव है इसलिए तीस साल से हो रही सीओपी बैठकें वैश्विक कार्बन उत्सर्जन को कम करने में असमर्थ रही हैं। चूंकि सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि जीएचजी उत्सर्जन में वृद्धि के बिना नहीं हो सकती है इसलिए आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि गंभीर पारिस्थितिक और जलवायु तबाही की स्थिति तथा मानवता पर मंडराते खतरे के बावजूद उत्सर्जन कम करने में लंबे तीस वर्षों के वैश्विक प्रयास विफल रहे हैं। सीधी बात यह है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या का ईमानदारी से सामना करने के लिए हमें सबसे पहले इस कल्पना को चुनौती देनी होगी कि जीडीपी से मानव कल्याण होता है।जीडीपी पर निष्पक्ष न होने का आरोप नया नहीं है। इसकी कई कमियां सर्वज्ञात हैं। हम सभी जानते हैं कि यह अच्छी चीजों को महत्व देती और खराब पहलुओं को छिपाती है। इसलिए उत्पादन में वृद्धि से जीडीपी में वृद्धि होती है एवं गंदी हवा और पानी में भी बढ़ोतरी होती है। जीडीपी प्रकृति को केवल एक दोहन योग्य संसाधन मानता है। जीडीपी की शायद सबसे भ्रामक विशेषता है कि यह औसत का एक उपाय है- इसलिए जब हम प्रति व्यक्ति आय (जीडीपी) की बात करते हैं तो यह बात अस्पष्ट है कि आखिर यह आय कैसे वितरित की जाती है। इस भ्रामक उपाय% का एक नमूना जांच के लिए लें- आज भारत में प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 1.84 लाख रुपये प्रति वर्ष है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत में पांच सदस्यों के औसत परिवार की वार्षिक आय 9.20 लाख रुपये प्रति वर्ष या 76,666 रुपये प्रति माह है। वास्तविकता यह है कि 80 फीसदी भारतीय परिवार प्रति माह 20 हजार रुपये से कम कमाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो प्रति व्यक्ति जीडीपी आज दुनिया भर में भयावह असमानता को छुपाती है।

भले ही जीडीपी के इन लेखांकन और सांख्यिकीय दोषों को समाप्त कर दिया गया हो या अनदेखा किया गया हो, हमें यह समझने की जरूरत है कि यह मानव कल्याण को दूर से भी नहीं मापता है। इंसान के पास जरूरतों का एक सेट है जिसमें शामिल सभी बातें महत्वपूर्ण हैं। एक अच्छे जीवन के लिए भोजन, आश्रय, स्वच्छता जैसी बुनियादी बातें आवश्यक हैं। इसका मतलब शरीर और मन को सक्षम करने के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा की उपलब्धता। इसके बाद हर एक व्यक्ति को काम की पेशकश शामिल है जिसके जरिए हम सार्थक योगदान देकर अपनेपन, गरिमा एवं आत्म-मूल्य की भावना महसूस कर सकें। हमें स्वस्थ संबंधों और सामुदायिक भावना की जरूरत है। हमें स्वच्छ हवा-पानी, गैर विषैले भोजन, स्थिर जलवायु तथा एक ऐसे वातावरण की आवश्यकता है जिसमें सभी प्रजातियां पनपती हैं और अपना अस्तित्व बनाए रखती हैं। हमें विचार करने के लिए अवकाश और समय चाहिए।हमें जीडीपी की एकल, उद्देश्यपूर्ण, मात्रात्मक संख्या को मैट्रिक्स के डैशबोर्ड के साथ बदलने की जरूरत है जो इस बात की सच्ची तस्वीर दे कि समाज एक समृद्ध, पूर्ण, सार्थक जीवन के उपरोक्त घटकों में से प्रत्येक पर कैसे आगे बढ़ रहा है।सौभाग्य से शिक्षाविदों ने इन सवालों को पूछने में कमी नहीं की है। बियॉन्ड जीडीपी परियोजना दशकों से चल रही है- न केवल सिद्धांत रूप में बल्कि यहां-वहां प्रयोगों के रूप में भी।

भूटान के सकल राष्टीय खुशी जीएनएच (ग्रास नेशनल हैप्पीनेस एक सूचकांक है, जिसका इस्तेमाल लोगों की सामूहिक खुशी और कल्याण को मापने के लिए किया जाता है। यह आर्थिक खुशी और नैतिक प्रगति का एक माप है) से लेकर पारिस्थितिक अर्थशास्त्रियों के वास्तविक प्रगति संकेतक (जीपीआई-जेन्यूइन प्रोग्रेसिव इंडिकेटर किसी देश की आर्थिक वृद्धि और समृद्धि को नापने का संकेतक। इसमें पर्यावरण एवं सामाजिक मुद्दों को भी शामिल किया जाता है) तक, केट रावर्थ के डोनट(एक ऐसी आर्थिक मॉडल जिसमें मनुष्य की जरूरतों के साथ ही धरती की रक्षा के संतुलन पर विचार किया जाता है) तक उपाय लाजिमी हैं। भारत के मामले में हमें मानव जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण आयामों में कल्याण की निगरानी करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें जिला स्तर पर डेटा एकत्र करने और रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। इससे हमें जमीनी स्तर पर विशिष्ट जरूरतों और बाधाओं को समझने तथा उनका जवाब देने में मदद मिलेगी। जीडीपी की तुलना में सामाजिक कल्याण का सच्चा उपाय हमारे गांवों, कस्बों और शहरों से व्यवस्थित रूप से उत्पन्न हो। जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की हमारी एकमात्र आशा इस रीसेट पर टिकी हुई है।भारत में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर 3 करोड़ से अधिक छात्र हैं। इनकी मदद से या एक समकक्ष शहरी समूह कल्याण के माध्यम से हर दो साल में बहु-आयामी उपाय पर डेटा एकत्र करें तो हम हर दौर में आसानी से देश के 25 फीसदी तक का सैंपल ले सकते हैं।

संपादकीय

## चंडीगढ़ की कसक

अभी भी चंडीगढ़ के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि शहर की फिजा में इतना ज़हर घुल चुका है कि एक्यूआई चार सौ का आंकड़ा पार कर गया। सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से विख्यात इस शहर को किसकी नज़र लगी, शहर के बाशिंदे अब तक समझ नहीं पा रहे हैं। लोग बताते नहीं थकते कि ऐसा मंजर उन्होंने जिंदगी में पहली बार देखा है। कभी लोग इस शहर की खूबसूरती और स्वास्थ्यवर्धक आबोहवा की कसमें खाया करते थे। पं. जवाहर लाल नेहरू के सपनों का शहर, जिसे तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरो ने रात-दिन एक करके हकीकत बनाया। फिर फ्रांस के नामचीन वास्तुकार ली कार्बूजिए ने अपनी भारतीय टीम के साथ मिलकर उस सपने को साकार किया। भरपूर हरियाली और योजनाबद्ध तरीके से बने शहर में ऐसा कुछ नहीं दिखता जो भयावह प्रदूषण का सबब बने। विस्तृत सुखना झील, इसके पर्यावरण व सौंदर्य को निखारती है और आबोहवा को शुद्ध करती है। इस शहर को तीन प्रदेशों की राजधानी होने का दर्जा हासिल है। पंजाब व हरियाणा के साथ खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की भी राजधानी है। ऐसे में जब सिटी ब्यूटीफुल के लोगों ने अखबारों में चंडीगढ़ के एक्यूआई लेवल के चार सौ पार करने का समाचार पढ़ा तो उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। एक शहर जिसके सौंदर्य व आबोहवा की शान में पंजाबी गीतों में तमाम कसीदे पढ़े जाते थे, उसे यकायक ये क्या हो गया। शासन प्रशासन के लिये भी यह एक नई चुनौती थी। ऐसी स्थिति पहले कभी उसके सामने आई भी नहीं थी। नौकरशाह भी हतप्रभ थे कि किया क्या जाए। इस ज़हरीली फिजा में प्रत्यक्ष तौर पर शहर की भूमिका भी तो नहीं थी। यहां न तो ऐसी कोई इंडस्ट्री थी और न ही थर्मल प्लांट आदि, जिन पर तत्काल कार्रवाई होती। एक सुनियोजित-व्यवस्थित शहर व जागरूक नागरिक और साथ में सचेत तंत्र। वैसे आधुनिक सभ्यता की विसंगतियां तो जरूर थीं जो तापमान बढ़ाने में किसी हद तक भूमिका निभाती हैं।

बहरहाल, समय के साथ-साथ बहुत कुछ ऐसा बदला जरूर है जो इस शहर की आबोहवा में दखल देता है। कभी चंडीगढ़ को बाबुओं का शहर कहा जाता था। बदलते वक्त के साथ कारों का हुजूम जरूर यातायात और पार्किंग की समस्या खड़ी करता है। लेकिन उसकी एक्यूआई लेवल को चार सौ पार पहुंचाने में इतनी बड़ी भूमिका भी नहीं रही। वैसे तो आधुनिक जीवनशैली के चलते एसी, फ्रिज, कार और निकटवर्ती इलाकों में अंधाधुंध निर्माण कार्यों में तेजी ने हमारे पर्यावरण पर हर शहर की तरह असर तो डाला है। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें जो भूमिका पर्यावरण संरक्षण हेतु निभानी चाहिए, वो हम नहीं निभाते हैं। यूं तो चंडीगढ़ का मूल स्वरूप बरकरार है। कुछ सेक्टर नये जुड़े हैं, लेकिन सुनियोजित तरीके से ही उनका विस्तार हुआ। चंडीगढ़ के निर्धारित स्वरूप के चलते इसके अधिक विस्तार की गुंजाइश भी नहीं है, लेकिन इसके चारों ओर तमाम छोटे-बड़े शहरों का विस्तार हुआ है। घनी आबादी कहीं न कहीं चंडीगढ़ पर दबाव जरूर बनाती है। लेकिन यह स्थिति उतनी विकट नहीं है कि शहर का एक्यूआई लेवल चार सौ पार करे। कह सकते हैं कि इसके आसपास के राज्यों में जलती पराली की इसमें किसी सीमा तक भूमिका होगी। पड़ोसी पाकिस्तान के लाहौर में एक्यूआई लेवल की जो भयावह स्थिति है उसका असर अमृतसर से चंडीगढ़ तक कितना पड़ा, इसके लिये वैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत है। मौसम वैज्ञानिक कह रहे हैं कि पहाड़ों में बर्फबारी के बाद मैदानों में अचानक तापमान गिरने से हवा में नमी बढ़ी है। हवा की गति धीमी होने से प्रदूषक कण आगे नहीं बढ़ रहे हैं। जिससे प्रदूषण की समस्या विकट हो रही है। हालांकि, धीरे-धीरे स्थिति सुधर रही है, मगर हर कोई चाह रहा है कि मौला बारिश दे, ताकि इस प्रदूषण से छुटकारा मिले। चंडीगढ़ के लोगों को घटनाक्रम सबक दे गया कि घर की सफाई के साथ-साथ आस-पड़ोस भी साफ-सुथरा होना चाहिए। यह भी कि कुदरत किसी भी ज्यादती का प्रतिकार करती है।

# महाराष्ट्र में महायुति और एमवीए के बीच उम्मीद से कहीं ज़्यादा कड़ी टक्कर

इन चुनावों में स्थानीय मुद्दों का बोलबाला कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्टीय पार्टियों में भी देखने को मिला है। यहां तक कि भाजपा भी महायुति शासन में शुरू की गयी राज्य की कल्याणकारी योजनाओं पर ही अधिक निर्भर दिख रही है। विभिन्न क्षेत्रों के कांग्रेस नेता भी किसानों की पीड़ा और युवाओं में बेरोजगारी जैसे स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सत्तारूढ़ महायुति की ओर से महाराष्ट में व्यापक रूप से प्रचार किया है, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की ओर से, राज्य के मतदाता उनसे कम तथा स्थानीय मुद्दों से अधिक प्रभावित हैं, जिनका वे अपने दैनिक जीवन में सामना कर रहे हैं। इसलिए चुनाव प्रचार के चरम पर राजनीतिक परिदृश्य बहुत तनावपूर्ण हो गया है, क्योंकि 20 नवंबर को होने वाले मतदान में पहले की अपेक्षा कड़ी टक्कर की संभावना है।हिंदू वोटों के एकीकरण जैसे मुद्दों की तुलना में स्थानीय मुद्दे अधिक प्रमुख क्यों हो गये? इसका एक कारण महायुति के भीतर गठबंधन की राजनीति है। एनसीपी (अजित पवार) का मानना है कि मुसलमानों में उसका काफी समर्थन आधार है और उसके कई समर्थक अभी भी शरद पवार और उसकी एनसीपी (शरद पवार) का सम्मान करते हैं। चूंकि केंद्रीय भाजपा नेता मुसलमानों और शरद पवार दोनों पर हमला करते हैं, इसलिए अजित पवार का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी उनकी पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है। इसीलिए, उन्होंने यहां तक संकेत दिया है कि भाजपा नेताओं को उन निर्वाचन क्षेत्रों में इस तरह से प्रचार नहीं करना चाहिए जहां उनकी पार्टी चुनाव लड़ रही है।

फिर दो उपमुख्यमंत्रियों - अजित पवार और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस के बीच दरार पड़ गयी है। दोनों स्थानीय राजनीति में बढ़त चाहते हैं। भाजपा के भीतर, फडणवीस ने कई मौकों पर अपमान महसूस किया है, जिससे वह चिढ़ गये और उनका अधिकार कुछ हद तक कम हो गया। आरएसएस ने भाजपा के समूहों के बीच स्थानीय राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की है।

जहां तक शिवसेना (शिंदे) का सवाल है, इसकी अभी तक कोई राष्टीय आकांक्षा नहीं है। यह लगभग पूरी तरह से स्थानीय राजनीतिक मुद्दों पर निर्भर करती है। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि शिवसेना, अपने आप में एक स्थानीय घटना रही है और विभाजन के बाद भी, शिंदे को स्थानीय राजनीति में शिवसेना (यूबीटी) पर बढ़त हासिल करने की जरूरत है। शिवसेना (यूबीटी) भी स्थानीय स्तर पर असली शिवसेना के



रूप में नयी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही है।

मुकाबला मुख्य रूप से महायुति और एमवीए के बीच है, लेकिन दोनों गठबंधनों के साथ समस्या यह है कि वे पूरी तरह से एकजुट नहीं हैं, जबकि चुनाव प्रचार 18 नवंबर को समाप्त होने वाला है। इस संबंध में, महायुति एमवीए की तुलना में अधिक विभाजित है, अगर गठबंधन दलों के बीच सीटों पर दोस्ताना मुकाबलों को कोई संकेत माना जाये। एमवीए में ऐसी 15 सीटें हैं जिन पर गठबंधन दलों के उम्मीदवारों के बीच दोस्ताना मुकाबला है जबकि महायुति में यह संख्या 21 है। महायुति 2 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रही है और एमएनएस उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है।

महायुति में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा 288 सदस्यीय विधानसभा में 141 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन पार्टी गठबंधन सहयोगियों के साथ 4 सीटों पर दोस्ताना मुकाबले में भी है। शिवसेना (शिंदे) 75 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और अन्य 6 पर वे दोस्ताना मुकाबले में हैं। एनसीपी (अजित पवार) 50 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और अन्य 9 पर वे दोस्ताना मुकाबले में हैं। जेएसएस 3, आरवाईएसपी 2 और आरएसवीए 1 सीट पर चुनाव लड़ रही है। दोस्ताना मुकाबलों की संख्या से पता चलता है कि एनसीपी (अजित पवार) अधिक संकट में है, उसके बाद शिवसेना (शिंदे) और भाजपा हैं।एमवीए या इंडिया गठबंधन के सहयोगियों में कांग्रेस सबसे अधिक 102 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन 2 सीटों पर वह सहयोगी उम्मीदवारों के साथ दोस्ताना मुकाबले में है। शिवसेना (यूबीटी) 90 सीटों पर और अन्य 2 पर दोस्ताना मुकाबले में चुनाव लड़ रही है, जबकि एनसीपी (शरद पवार) के लिए ये संख्या क्रमश- 85 और 1, पीडब्ल्यूपीआई के लिए 3 और 2, सीपीआई (एम) के लिए 2 और 1, तथा एसपी के लिए 2 और 7 है। सीपीआई 1 सीट पर चुनाव लड़ रही है।भाजपा 75 सीटों पर कांग्रेस के साथ, 31 सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) के साथ और 40 सीटों पर एनसीपी (शरद पवार) के साथ सीधे मुकाबले में है। भाजपा को 3 सीटों पर गैर-एमवीए विपक्ष के साथ सीधे मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है।महायुति की एक अन्य पार्टी शिवसेना (शिंदे) 15 सीटों पर कांग्रेस के साथ, 50 सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) के साथ और 8 सीटों पर एनसीपी (एसपी) के साथ सीधे मुकाबले में है। यह कहने की जरूरत नहीं है कि शिवसेना (शिंदे) और शिवसेना (यूबीटी) को एक-दूसरे द्वारा पेश की गयी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है कि उनमें से कौन असली शिवसेना है।एनसीपी (अजित पवार) और एनसीपी (शरद पवार) के साथ भी यही स्थिति है, जो 38 सीटों पर सीधे मुकाबले में हैं। एनसीपी (अजित पवार) केवल 7 सीटों पर कांग्रेस के साथ और केवल 6 सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीधे मुकाबले में है।महायुति मुख्य रूप से मुख्यमंत्री मांझी लड़की बहन योजना की ताकत पर महिलाओं के वोटों पर निर्भर है, जबकि मराठा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के अन्य स्थानीय मुद्दों के अलावा एमवीए के साथ मजबूती से खड़े नजर आ रहे हैं।इन चुनावों में स्थानीय मुद्दों का बोलबाला कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्टीय पार्टियों में भी देखने को मिला है। यहां तक कि भाजपा भी महायुति शासन में शुरू की गयी राज्य की कल्याणकारी योजनाओं पर ही अधिक निर्भर दिख रही है। विभिन्न क्षेत्रों के कांग्रेस नेता भी किसानों की पीड़ा और युवाओं में बेरोजगारी जैसे स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।ओबीसी के लिए आरक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, खासकर मराठों की इसी मांग के सन्दर्भ में। मराठा नेता भाजपा से नाराज हैं औरएमवीए का समर्थन कर रहे हैं, खास तौर पर इसके नेता जरंगे पाटिल द्वारा अपने उम्मीदवारों को वापस लेने के अचानक कदम के बाद। स्थानीय मुद्दे हावी हो गये हैं, जिसके कारण दोनों पक्षों के कई मतदाता समूहों के एक दूसरे के पक्ष में जाने की संभावना है, जिससे राजनीतिक परिणाम अत्यधिक अप्रत्याशित हो सकते हैं।

# पैक्स निर्वाचन में नामांकन के पहले दिन 13 अध्यक्ष पद पर हुआ नामांकन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**औरंगाबाद।** पैक्स निर्वाचन के लिए नामांकन के पहले दिन रफीगंज प्रखंड मे अध्यक्ष अध्यक्ष पद हेतु 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के लिए 74 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी उपेंद्र दास ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन का कार्य आज का संपन्न हुआ है।

आज भदुकी कला पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए मोहन यादव एवं कपिल प्रसाद, गोरडीहा पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए मोहन यादव, कजपा पैक्स से गणेश शंकर विद्यार्थी , बलिगांव पैक्स से मनोज कुमार सिंह, बौर पैक्स से रामस्वरूप सिंह



एवं नीतीश कुमार, लट्टा पैक्स से रामानुज शर्मा उर्फ मंगल शर्मा, दुगुल पैक्स से मो सलीम उस्मानी, बघौरा पैक्स से राजदेव यादव, इटार पैक्स से संजय कुमार सिंह एवं पूनम कुमारी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है।

नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए कुल 13 नामांकन हुए हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के लिए 74 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है।पैक्स चुनाव को लेकर ब्लॉक परिसर में काफी काफी भीड़ रही। नामांकन दाखिल कराने आये अभ्यर्थियों के समर्थक नामांकन दाखिल होने के बाद फूल माला पहना कर जयकारा लगाया। चुनाव को लेकर अभ्यर्थी एवं समर्थक काफी उत्साहित दिखे।सभी प्रत्याशियों ने जीत का दावा ठोंका और अपने पैक्स में किसानों के हित के लिए काम करने की बात कही।

## गया में कचरे की दुकान में विस्फोट, एक गंभीर रूप से घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**
**गया।** गया में एक कचरे की दुकान में विस्फोट हो गया, जिसमें दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है ।वही विस्फोट की घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भिड़े जमा हो गई कुछ देर के बाद इस मार्ग से यातायात भी बंद हो गई पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार विस्फोट कि यह घटना गया शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के टीलहा धर्मशाला रोड की है। दुकानदार जौहर मंसूरी अपने कचरे की दुकान में एक बैग के कचरे को बाहर निकल रहा था तभी विस्फोट हो गया जिससे वह घायल हो गया तत्काल उसे मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

विस्फोट की सूचना के बाद सिविल लाइन थाना की पुलिस के साथ ही नगर के डीएसपी भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन की मीडिया कर्मियों से बात करते हुए डीएसपी पी एन साहू ने बताया कि रिजॉर्ट की घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।पुलिस की सूचना पर एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## आर्मी भारती के लिए दानापुर पहुंच गई तीस हजार अभ्यर्थियों की भीड़



**सबसे तेज प्रयागराज**
**पटना ।** पटना से सटे दानापुर में आर्मी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है जिसमें शामिल होने के लिए 25 से 30 अभ्यर्थी दानापुर के सैनिक चौक के पास पहुंच गए। इसके बाद मौके पर अपना तफरी की स्थिति बन गई इस वजह स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आयोजन स्थल की क्षमता सीमित होने के कारण वहां अव्यवस्था फैलने लगी और अभ्यर्थी उग्र हो गए । स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया इसके बाद स्थिति शांत हो सकी।

पुलिस ने सभी अभ्यर्थियों को समझा बुझाकर उनके घर भेज दिया ।वही आर्मी और जिला प्रशासन ने अपील की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सभी उम्मीदवार आज को द्वारा जारी में दिशा निदेर्शों का पालन करेंगे। मौके पर पहुंचे सिटी डीएसपी बेस्ट ने बताया की स्थिति ठीक है सभी लोगों को अभ्यर्थियों को समझाया गया है भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।

## महाआरती के मौके पर झांकी के साथ कलाकारों ने बिखेरी जलवा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**ओबरा।** मुख्यालय के पुनपुन घाट पर महाआरती के मौके पर भक्ति कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर कलाकारों ने अपनी गीत संगीत से दर्शकों को मन मोह लिया। कार्यक्रम मे उपस्थित अक्षरा गुप्ता ने मां छठ गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया,जब अक्षरा गुप्ता ने उगा हो सूरज देवा हो गइल अरगिया के बेर की गीत की शुभारंभ की तो दर्शकों ने तालिया की बछौर कर दी,वही लेले अहिया ओ पिया सिंदुरा बंगाल से गीत की प्रस्तुति दी,एक से एक भक्ति गीत से लोगो को भक्ति सागर मे डूबने से मजबूर कर दिया।



वही कलाकार टिंकू टाईगर ने भी विभिन्न गीत संगीतो से दर्शकों को मन मोह लिया कलाकार टिंकू टाईगर ने गीत का शुभारंभ देवी गीत से की दोनो बेरा दिहब के मैया ,वही लवंगिया के छकिया,के गीतों के शुभारंभ पर दर्शक झूमने लगे,दूसरी ओर छठ गीत वही जहिया गोदी मे बलकवा, तह कोशी भराई हो, के गीत पर दर्शक ओथ प्रोथ हो गए । वही कलाकार राजा मंडल ने गीत बिना माई के बेटा अधूरा बा, के गीत की प्रस्तुति दी,वही अक्षरा गुप्ता के अन्य कलाकारों ने भी अपनी गीत संगीत से दर्शकों को मंत्रमुद कर दिया।

## मां गंगे की प्रतिमा का गाजे बाजे के साथ किया गया पुनपुन में विसर्जन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**ओबरा।** मुख्यालय के पुनपुन के छठ घाट पर गंगा आरती के उपरांत मां गंगे की प्रतिमा का विसर्जन धूम धाम से पुनपुन नदी में किया गया। इस मौके पर आदि गंगे पुनपुन सेवा समिति के सदस्यो ने गाजे बाजे के साथ विसर्जन को लेकर शोभा यात्रा निकाली,तत्पश्चात विसर्जन किया गया।काशी के विद्वान पंडित जी के साथ ओबरा पंडित कमल किशोर पाण्डेय ने प्रतिमा का मंत्रो उच्चारण के साथ शुक्रवार की पूजा अर्चना की थी।



रात्रि में पूजा अर्चना के शनिवार को मां गंगे की पूजा अर्चना उपरांत विसर्जन किया। समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता ,सचिव सुनील सोनी, उपाध्यक्ष प्रमोद भगत ,बिंदु गुप्ता, कोषाध्यक्ष कमल गुप्ता, विनय दुबे, मंगलेश गुप्ता ,राजेश गुप्ता, दिलीप कुमार मदन गुप्ता समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित विसर्जन के दौरान रहे।बता दे की माहौल भक्तिमय रहा चारो तरफ जयकारी की ध्वनि गूंज रही थी।

## थरवई में अधजली मिली रिकवरी एजेंट की लाश

### एक दिन पहले घर से निकला था अशोक, कई लोगों से लिये था कर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**सबसे तेज प्रयागराज**
प्रयागराज थरवई में पुरानी हवाई पट्टी के पास सोरांव निवासी बैंक के रिकवरी एजेंट अशोक कुमार श्रीवास्तव (४२) का शव रविवार सुबह झुलसी हालत में मिला। मौके पर मोबाइल, आधार कार्ड और शराब की खाली बोतलें मिली हैं। वह शनिवार से लापता थे। कुछ दूर पर ही उनकी बाइक मिली है। परिजनों ने खुदकुशी की आशंका जताई है। मूल रूप से कस्तूरीपुर, होलागढ़ निवासी अशोक काफी समय से परिवार के साथ सोरांव कस्बे में किराये के मकान में रहते थे।पत्नी बीनू ने बताया कि पति पिछले कुछ दिनों से कर्ज से परेशान थे। शनिवार सुबह घर से यह कहते



हुए निकले कि वह जान दे देंगे। रोकने की कोशिश पर भी नहीं माने और बाइक लेकर चले गए। इसके बाद से परिजन खोजबीन में लगे रहे।शव मिलने पर मौके पर डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत भी पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। डीसीपी ने बताया कि परिजनों ने खुदकुशी की आशंका जताई है।परिजनों ने बताया कि अशोक ने काफी कर्ज ले रखा था। इस वजह से वह काफी परेशान थे। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अशोक पर सोरांव थाने में पिछले साल बैंक के पैसों के गबन के मामले में केस दर्ज हुआ था। मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। उधर, पत्नी ने कहा कि गबन के मामले में पति को धमकाया जा रहा था, जबकि पत्नी के भाई संजय ने कहा कि फिलहाल पोस्टमार्टम होने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

## खीरी और औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के दो आरोपी को दबोचा



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** रविवार को थाना खीरी और औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया
थानाध्यक्ष खीरी अशीष सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के साथ गैंगरेप के मामले में वांछित अभियुक्त आकाश आदिवासी पुत्र भारत आदिवासी निवासी ग्राम इटवा खुर्द थाना खीरी जनपद प्रयागराज को थाना खीरी क्षेत्र इटवा चौराहा से गिरफ्तार किया गया नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संजय निषाद पुत्र शिव प्रसाद निवासी मवैया थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज को ग्राम मवैया से गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने अपहरण के दो आरोपी पकड़े गए

**प्रयागराज।** नैनी और करछना पुलिस ने अपहरण के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थाना करछना पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित/प्रकाश में आए अभियुक्त रामेश्वर पटेल उर्फ मोनू पुत्र देवेन्द्र पटेल निवासी ग्राम बगहा थाना मेजा प्रयागराज को रविवार को साधूकुटी चौराहा करछना से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। थाना नैनी पुलिस द्वारा अभियुक्त आनन्द कुमार भारतीया पुत्र लाल बहादुर भारतीया निवासी फूलमण्डी थाना नैनी प्रयागराज को को पुराना यमुनापुल के पास बंधा मोड फूलमण्डी से गिरफ्तार किया गया। एवं अपहृता को बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## महाकुंभ के बाद शुरू होगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

### हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे 5438597 परीक्षार्थी। मार्च के पहले हफ्ते से परीक्षा शुरू होने की संभावना । परीक्षा की तैयारियां अंतिम दौर में : सचिव भगवती सिंह

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज (यूपी बोर्ड) की परीक्षाएं फरवरी के बजाय मार्च 2025 के पहले हफ्ते से शुरू होने जा रही है इसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है । प्रदेश सरकार तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए महाकुंभ के दौरान देश और विदेश से आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बोर्ड परीक्षा महाकुंभ के समाप्त होने के बाद कराने जा रही है। उधर , यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह का कहना है कि बोर्ड परीक्षा की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही है। परीक्षा केन्द्रों का चयन चल रहा है। प्रैक्टिकल परीक्षाएं दिसंबर माह में शुरू होकर जनवरी में खत्म हो जाएगी और उसके बाद परीक्षाएं शुरू होगी।
यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा 2025 में कुल 5438597 परीक्षार्थी शामिल होने जा रहे हैं। हाईस्कूल में 2740151 परीक्षार्थी और इण्टरमीडिएट में 2698446 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो गयी थी। इस बार भी यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गयी है। प्रयागराज में महाकुंभ का दिव्य, भव्य आयोजन संगम तट पर 13 जनवरी 2025 पौष पूर्णिमा से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 महाशिवरात्रि तक होने जा रहा है। प्रदेश और केंद्र सरकार महाकुंभ के भव्य आयोजन का प्रचार - प्रसार देश और विदेश में व्यापक स्तर पर करवा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाकुंभ के प्रचार-प्रसार और भव्य आयोजन के लिए 12 दिसंबर 2024 को श्रृंगवेरपुर धाम और प्रयागराज आ रहे हैं। इस बार महाकुंभ में देश और विदेश से 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में सरकार और मेला प्रशासन महाकुंभ के आयोजन को और भव्य बनाने के लिए संगम नगरी में व्यापक स्तर पर तैयारियां दिन - रात कर रहा है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज सिंह, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और महाकुंभ के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद महाकुंभ की तैयारियों को लेकर दिन-रात लगे हुए है। ऐसे में पूरी संभावना है कि यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं मार्च के पहले हफ्ते से शुरू होगी। इस दौरान होली परीक्षा के बीच में पड़ेगी लेकिन परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश सरकार उनको पर्याप्त अवकाश बीच में देगी जिससे कि उनकी परीक्षाएं प्रभावित न होने पाएं।

## मृतक तारा देवी के परिजनों से मंत्री जनक राम एवं सनोज यादव सांत्वना देने पहुंचे



**राष्ट्रीय शान**
**दानापुर।** दानापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विगत दिनों कचहरी छठ घाट पर संध्या में अर्थ देने के समय दीया की बाती से कपड़े में आग लगने से इलाज के दौरान निधन हो गया था वहीं उनके घटना की खबर सुनकर डुमरांव से रिस्तेदार घटना की खबर सुनकर आ रहे थे तो रास्ते में ही कोईलवर के पास सड़क दुघर्टना में उनकी भी निधन हो गया था।

शनिवार को सूचना मिलने के उपरांत बिहार सरकार के अनुसूचित जनजाति एवं कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम एवं प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज यादव मृतक तारा एवं सड़क दुघर्टना के पीड़ित परिवार से उनके जाकर एवं मिलकर पीड़ित के परिजनों को दिया सांत्वना।

मंत्री जनक राम ने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार के द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली मुआवजा की चार लाख राशि शीघ्र ही अधिकारियों से बात कर दिलाने का कार्य करूंगा।

परिजनों ने बताया कि केश दर्ज नहीं हुआ है तब जाकर माननीय मंत्री जनक राम ने दानापुर थाना प्रभारी से फोन पर बात कर कहा कि दोनों मृतक का आवेदन पत्र लेकर जाएग यहा के स्थानीय इन्द्र प्रसाद राम कार्यकर्ता करमू राम आप थाना अध्यक्ष महोदय दोनों का केश दर्ज कर लेंगे तब ही इस गरीब महादलित परिवार को सरकार से मिलने वाली राशि मिल सकेगा। प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने अनुसूचित जनजाति एवं कल्याण विभाग जनक राम से कहा कि आप अपने विभाग से अगर विषेश रूप से मुआवजा राशि कानून में प्रावधान होगी तो मृतक तारा देवी के परिजनों को मुआवजा राशि दिलाने की दिसा में शीघ्र उचित कदम उठाने की जरूरत है ताकि गरीब महादलित परिवार को इस योजना से लाभ मिल सके।

## न्यूज फ्लैश

### अपहरण का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा अपहरण का वांछित अभियुक्त राकेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र सोनेलाल विश्वकर्मा नि0 ग्राम बरमपुर थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

### सरकार की योजनाओं के बारे में महिलाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस क्रम में थाना महिला थाना, थाना कौशांबी, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा, थाना पिपरी,थाना करारी,थाना महेवा घाट की पुलिस टीमों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर /स्कूलों में जाकर , कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं* को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा* आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी

### बिहार सरकार ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन मीडिया नियमावली बनाई

**सबसे तेज प्रयागराज**
**पटना ।** बिहार सरकार के तकनीकी विकास के साथ विकसित हो रहे सोशल मीडिया के विभिन्न प्रकारों के माध्यम से राज्य सरकार की नीतियों एवं लोक कल्याणकारी कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बिहार सोशल मीडिया एवं अन्य ऑनलाइन मीडिया नियमावली 2024 बनाई गई है।

आपको बता दें कि राज्य सरकार की कैबिनेट द्वारा 14 नवंबर 2024 को इस नियमावली को स्वीकृत कर दिया गया है। इस नियमावली के लागू होते ही अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म जैसे गूगल, माइक्रोसॉफ्ट आदि पर विज्ञापन का प्रसारण करना आसान हो जाएगा।
इसके अलावा प्रमुख सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर ( ), इंस्टाग्राम के साथ वेबसाइट, न्यूज पोर्टल, वेब मीडिया, न्यूज मोबाइल एप, पॉडकास्ट आदि को विभाग के अंतर्गत सूचीकृत किया जा सकता है।

सरकार की योजना इन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार द्वारा की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना होगा। आपको यह भी बता दें कि इस नियमावली के तहत वेब मीडिया के लिए हर महीने न्यूनतम एवरेज यूनिक यूजर और सोशल मीडिया के लिए सब्सक्राइबर/ फॉलोवर्स के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

नियमावली 2024 में यह भी प्रावधान है कि यूनिक यूजर डाटा की प्रमाणिकता की जांच के लिए वेब मीडिया के मामले में अंतर्राष्ट्रीय विश्वसनीयता और थर्ड पार्टी टूल्स (गूगल एनालिटिक्स) और कॉमस्कोर के साथ सोशल मीडिया के मामले में संबंधित प्लेटफॉर्म के एनालिटिक्स के आधार पर की जाएगी।

इसके अलावा इस नियमावली के अंतर्गत सूचीबद्ध किसी मीडिया द्वारा यदि राष्ट्र विरोधी अभद्र सामाजिक, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने या सरकारी संदेशों के मानदंड के विपरीत या प्रेस काउंसिल आफ इंडिया के गाइडलाइन के खिलाफ कोई सामग्री प्रसारित की जाती है तो वैसे मीडिया के लिए सूचीबद्धता समाप्त करने या ब्लैक लिस्टिंग का भी प्रावधान है।

### अज्ञात वाहन ने ऑटो में मारी जोरदार टक्कर, चालक सहित दो की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**सबसे तेज प्रयागराज गोह।** शनिवार की अहले सुबह थाना क्षेत्र के दुल्ला बिगहा एवं बाजार बर्मा के बीच एनएच 120 गया दाउदनगर पथ पर अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही दो व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर पहुंची 112 की पुलिस ने घायलों को गोह पीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि मछली लाने के लिए कोंच की तरफ से ऑटो पर सवार पचरुखिया बाजार जा रहे थे ।जैसे ही दुल्ला बिगहा मोड़ से ऑटो पार किया कि विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई?। जहाँ दो लोगों की मौत हो गई।

# नयनतारा

## ने पति और जुड़वा बच्चों संग शेयर की तस्वीरें, धोती-कुर्ता में प्यारे लगे उइर-उलाग





एक्ट्रेस नयनतारा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैमिली संग बिताए लम्हों की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में नयनतारा ने पति विग्नेश शिवन और बच्चों उइर और उलाग संग प्यारी सी तस्वीरें शेयर की हैं। अपनी इस पोस्ट के जरिए नयनतारा ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में सभी का ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। लुक की बात करें तो नयनतारा लाइट ग्रीन साड़ी में बला की खूबसूरत दिख रही हैं।

मिनिमल मेकअप, माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर नयनतारा के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। साथ ही में पारंपरिक लुक लाने के लिए उन्होंने बालों में गजरा भी लगाया है। वहीं विग्नेश शिवन व्हाइट कुर्ता और धोती में नजर आ रहे हैं। उइर और उलाग भी पापा संग ट्विनिंग किए हैं। दोनों कुर्ता और धोती में बेहद प्यारे लग रहे हैं।

बता दें कि नयनतारा की बायोग्राफी फिल्म नयनतारा बियॉन्ड द फेरीटेल का ट्रेलर फ्लिक्स ने रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में नयनतारा खुद ही अपने करियर में संघर्ष, ऊंचाई और पति विग्नेश से प्यार फिर शादी से जुड़ी खास बातें बताती नजर आ रही हैं। इस ट्रेलर में उनकी फिल्मों और उपलब्धियों के साथ संघर्ष को भी दिखाया गया है।

## जी भर जियो... 'वीर जारा' के बाद अब शाहरुख खान की 21 साल पुरानी ये फिल्म हो रही है दोबारा रिलीज



पिछले कुछ समय से पुरानी फिल्मों की री-रिलीज का सिलसिला चल रहा है. 'रॉकस्टार', 'लैला मजनू' समेत कई फिल्में पिछले कुछ समय में दोबारा रिलीज हुई हैं. वहीं हाल ही में शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की रोमांटिक फिल्म 'वीर जारा' भी एक बार फिर से बड़े पर्दे पर लगी. वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख की एक और फिल्म का नाम जुड़ने जा रहा है.हम शाहरुख की जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है साल 2003 में रिलीज हुई 'कल हो न हो', जिसे निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया था. करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी ये फिल्म एक बार फिर से सिनेमाघरों में लगने जा रही है. धर्मा के सोशल मीडिया पेज के जरिए इसकी जानकारी दी गई है.

**कब री-रिलीज होगी शाहरुख खान की फिल्म ?**

दरअसल, कुछ दिन पहले धर्मा प्रोडक्शन के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा गया था, 6 दिन सरप्राइज इन. इस लाइन से लग रहा था कि मेकर्स 'कल हो न हो' से जुड़ा कुछ सरप्राइज देने वाले हैं. वहीं री-रिलीज के तौर पर मेकर्स ने उस सरप्राइज से पर्दा उठा दिया है.

एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी गई कि ये फिल्म 15 नवंबर को दोबारा रिलीज हो रही है. शाहरुख खान के साथ प्रीति जिंटा और सैफ अली खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. मेकर्स ने पोस्ट में लिखा, लाल अब सबके दिल का हाल है, होने वाला अब कमाल है. साथ ही एक पोस्टर भी शेयर किया गया है, जिस पर पिक्चर का डायलॉग लिखा, हर पल यहां जी भर जियो.

**21 साल पहले फिल्म ने कितने पैसे कमाए थे ?**

15 नवंबर से आप इस फिल्म को एक बार फिर से पीवीआर और आईनॉक्स सिनेमा में देख सकेंगे. जब 21 साल पहले ये फिल्म थिएटर्स में लगी थी तो इसे लोगों का खूब प्यार मिला था. 28 करोड़ में बनी इस पिक्चर ने वर्ल्डवाइड 86 करोड़ रुपये की कमाई की थी और हिट रही थी.

## 'सिंघम अगेन' के नए किरदार का जलवा, कब आएगी दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम?



हाल ही में रिलीज हुई रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल की कमाई के साथ ही 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है. इस फिल्म में कॉप यूनिवर्स के सभी पुराने किरदार शामिल हैं, जिसमें सिंघम के साथ ही साथ 'सिम्बा', 'सूर्यवंशी' भी हैं. हालांकि, इस फिल्म में पहली बार कॉप यूनिवर्स की किसी फीमेल पुलिस ऑफिसर को दिखाया गया है, जिसका किरदार दीपिका पादुकोण ने निभाया है.'सिंघम अगेन' में 'शक्ति शेट्टी यानी लेडी सिंघम' के किरदार को लोगों ने बहुत प्यार दिया है और जल्द ही इस कैरेक्टर पर स्टैंड अलोन फिल्म का वेट कर रहे हैं. हालांकि, फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने दीपिका के कैरेक्टर पर बनने वाली फिल्म को लेकर कंफर्मेशन दे दी है, लेकिन फिल्म कब तक आएगी इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं है. उन्होंने इस फिल्म के बारे में कहा,



हमारे दिमाग में एक कॉन्सेप्ट है, लेकिन हमें ये नहीं पता है कि इसे हम कहां तक ले जा सकते हैं.

**'लेडी सिंघम' पर फिल्म बनना तय**

साल 2023 में रोहित शेट्टी ने 'सिंघम अगेन' के लिए 'लेडी सिंघम' के तौर पर दीपिका पादुकोण का पहला लुक रिलीज किया था. उस वक्त उन्होंने लिखा था कि 'नारी सीता का भी रूप है और दुर्गा का भी. हमारे कॉप यूनिवर्स में सबसे खतरनाक और हिंसक पुलिस से मिलें, शक्ति शेट्टी मेरी लेडी सिंघम, दीपिका पादुकोण.' रोहित ने न्यूज 18 के साथ बातचीत के दौरान कहा कि 'लेडी सिंघम' पर फिल्म बनना तय है, अगर ऐसा नहीं होता तो उसके कैरेक्टर को लोगों के बीच लाया ही नहीं जाता.

**अच्छे स्क्रिप्ट का कर रहे थे इंतजार**

किरदार के बारे में बात करते हुए फिल्म मेकर ने कहा कि मुझे ये पता है कि ये रोल कैसा होने वाला है और इसकी कहानी क्या होने वाली है, लेकिन डायरेक्टर और राइटर होने के लिहाज से देखा जाए तो उसके सफर के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है. 'लेडी सिंघम' को दुनिया के सामने लाने के लिए रोहित शेट्टी एक अच्छे स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे थे, जो कि 'सिंघम अगेन' है. फीमेल पुलिस ऑफिसर का कॉन्सेप्ट उनके दिमाग में 'सूर्यवंशी' के दौरान आया था.



# कार्तिक आर्यन

## ने Bhool Bhulaiyaa 3 के जरिए दिया ऐसा सक्सेस मंत्र, जो एक और फिल्म को ब्लॉकबस्टर बना देगा!

Bhool Bhulaiyaa 3 की कामयाबी से कार्तिक आर्यन गदगद हैं, और गदगद हों भी क्यों ना फिल्म ने एक कल्ट क्लासिक फिल्म का सीक्वल होने के बाद भी लोगों के दिलों में जगह हासिल कर ली है. भूल भुलैया 3 के बाद कार्तिक नए रोल की तैयारी कर रहे हैं. बीते दिनों खबर आई थी कि कार्तिक अपनी भूल भुलैया 3 कोस्टार तृप्ति डिमरी के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएंगे. कार्तिक कहीं ना कहीं जनता का मन पढ़ चुके हैं और जानते हैं कि फ्रेंचाइज फिल्मों को जनता प्यार देती है.

अब कार्तिक अपनी इसी स्ट्रैटजीको अपनी फिल्म आशिकी 3 के लिए भी इस्तेमाल करना चाहते हैं.रोमांटिक ड्रामा 'आशिकी' फ्रेंचाइजी की थर्ड सीक्वल फिल्म 'आशिकी 3' की अनाउंसमेंट साल 2022 में की गई थी, तबसे अब तक फिल्म को लेकर काफी कुछ सामने आ चुका है. टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार और निर्देशक मुकेश भट्ट ने कार्तिक आर्यन की इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म को बनाने का फैसला लिया था, जिसमें कार्तिक के साथ तृप्ती डिमरी को कास्ट किया जाना है, हालांकि फिल्म की अनाउंसमेंट से पहले ही विवाद हो गया था.

**कार्तिक ने क्या कहा ?**

डायरेक्टर के तौर पर 'बर्फी' फेम अनुराग बसु का नाम सामने आया था, लेकिन फिर निर्माताओं में इस बात को लेकर विवाद शुरू हो गया कि फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक किसे मिलेगा जिसके बाद फिल्म का नाम बदले जाने की खबरें सामने आ रही हैं. हालांकि, कार्तिक ने ये सलह दी है कि इस फिल्म का नाम बदला ना जाए, बल्कि फिल्म को आशिकी के फ्रेंचाइज के अंडर ही बनाया जाए क्योंकि ये फिल्म को एक नई हाइप दे सकता है और लोगों का फ्रेंचाइजी पर पहले से भरोसा है जो फिल्म को और कामयाब बना सकता है.

**स्टैंडअलोन फिल्म होगी 'आशिकी 3'?**

बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड के मुताबिक, कार्तिक आर्यन ने फिल्म का टाइटल पाने के लिए टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार को मुकेश भट्ट से संपर्क करने की सलाह दी है.

कार्तिक को यकीन है कि उन्हें टाइटल जरूर मिल जाएगा. जानकारी तो यह भी है कि कार्तिक आर्यन रोमांटिक ड्रामा 'आशिकी' फ्रेंचाइजी की थर्ड सीक्वल 'आशिकी 3' को एक स्टैंडअलोन फिल्म के रूप में पेश करना चाहते हैं.

**कंपनियों के बीच के विवाद**

दोनों कंपनियों के बीच के विवाद की बात की जाए तो, टी-सीरीज और विशेष फिल्म्स ने मिलकर 1990 में आशिकी बनाई थी, जिसके बाद से इस फ्रेंचाइजी ने इसके सीक्वल के साथ भी थिएटर में कमाल किया था. कुछ वक्त पहले से इसके तीसरे सीक्वल पर टी-सीरीज की तरफ से कुछ अपडेट मिलने लगे, लेकिन उनकी तरफ से इसे लेकर कोई क्लारिफिकेशन नहीं दिया गया.

# धर्मशाला के नरवाणा में धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आगाज़

एजेंसी

**धर्मशाला।** धर्मशाला के समीप नरवाणा स्थित पैराग्लाइडिंग साइट में धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आगाज़ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ टेक ऑफ साइट पर हवन यज्ञ के साथ हुआ। उसके बाद पायलटों को हरी झंडी दिखाकर टेक ऑफ करवाया गया। गौरतलब है कि 16 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता के लिए 13 देशों के 107 पायलटस ने पंजीकरण करवाया है। विश्व के 13 देशों में से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों में भारत सहित नेपाल, चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, अमेरिका, फ्रांस, आयरलैंड, स्पेन मंगोलिया, सऊदी अरब, मेक्सिको और कजाकिस्तान के प्रतिभागी शामिल हैं।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट पर एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया था, जिसमें देश-विदेश के पायलटों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी।

# पश्चिम बंगाल ने 23 स्वर्ण पदकों के साथ चौथी राष्ट्रीय फ़िनस्विमिंग के पहले दिन दबदबा बनाया

**नई दिल्ली।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल में चौथी राष्ट्रीय फ़िनस्विमिंग चैंपियनशिप के पहले दिन पश्चिम बंगाल के तैराकों का दबदबा रहा। इस चैंपियनशिप का आयोजन अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (यूएसएफआई) कर रहा है। पश्चिम बंगाल की टीम ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 23 स्वर्ण पदक जीते। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल ने 12 स्वर्ण और पुरुष वर्ग में 11 स्वर्ण पदक जीते। वहीं, मेजबान दिल्ली ने पुरुष और महिला दोनों वर्ग में 5 पदक जीते। पुरुषों ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते और महिलाओं ने 2 कांस्य पदक जीते। जबकि महाराष्ट्र ने पुरुष और महिला वर्ग में एक-एक सहित दो स्वर्ण पदक जीते। पश्चिम बंगाल के लिए पुरुष वर्ग में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता हैं पुनित बगरोडिया (2 स्वर्ण), स्वर्णदीप शॉ, देबाग्निक दास, रोनित दास, अंगशुमन नाग, मिर्नाल डे, अरिंदम बिस्वास। जबकि महिला वर्ग में रितु बनर्जी (2 स्वर्ण), सुष्मिता दास, प्रकृति कुंडू, अहेली साहा, अनुष्का दास, हिया चक्रवर्ती, ऐश्वर्या गुप्ता, रूपाली मलिक और तृप्ति पाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते दिल्ली के लिए निकोलस मिली ने लड़कों के बी-आई फिन्स 200 मीटर जूनियर 'सी' वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और विराट ने लड़कों के बी-आई फिन्स 200 मीटर जूनियर 'ई' वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। सिमरन नाथ ने लड़कों के बी-आई फिन्स 200 मीटर जूनियर 'डी वर्ग में रजत पदक जीता।

# धर्मशाला के नरवाणा में धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आगाज़

**धर्मशाला।** धर्मशाला के समीप नरवाणा स्थित पैराग्लाइडिंग साइट में धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कपका आगाज़ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ टेक ऑफ साइट पर हवन यज्ञ के साथ हुआ। उसके बाद पायलटों को हरी झंडी दिखाकर टेक ऑफ करवाया गया। गौरतलब है कि 16 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता के लिए 13 देशों के 107 पायलटस ने पंजीकरण करवाया है। विश्व के 13 देशों में से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों में भारत सहित नेपाल, चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, अमेरिका, फ्रांस, आयरलैंड, स्पेन मंगोलिया, सऊदी अरब, मेक्सिको और कजाकिस्तान के प्रतिभागी शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट पर एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया था, जिसमें देश-विदेश के पायलटों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी।

# यूएसपीएल 3:वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज रहकीम कॉर्नवाल संभालेंगे अटलांटा ब्लैककैप्स की कमान

**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी रहकीम कॉर्नवाल फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में होने वाले आगामी यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 में अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करेंगे।यूएसपीएल 3 का आयोजन 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा।टूर्नामेंट को लेकर रहकीम कॉर्नवाल ने कहा कि, अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। टीम में बेहतरीन खिलाड़ियों का संयोजन किया गया है और हमें बेसब्री से टूर्नामेंट का इंतजार है। पिछले सीजन में हम सेमीफाइनल में पहुंचे थे और मुझे उम्मीद है कि इस बार समापन ट्रॉफी पर पकड़ बनाने के साथ ही होगा।एंटीगुआ के क्रिकेटर ने आगे कहा, हर टीम अच्छा प्रदर्शन करना चाहती है और मुझे लगता है कि हमारी तैयारी अच्छी चल रही है। प्रशंसक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखना चाहते हैं और यूएसपीएल सीज़न 3 में अटलांटा ब्लैककैप्स इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। मैं उम्मीद करता हूं कि हम एक कड़े प्रतिद्वंदी बनकर उभरेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स के बीच रोमांचक मुकाबले के साथ होगी, उसके बाद मैरीलैंड मावेरिक्स और अटलांटा ब्लैककैप्स के बीच दूसरा मुकाबला खेला जाएगा।

# लगातार 4 हार के बाद तमिल थलाइवाज ने चखा जीत का स्वाद, बंगाल वारियर्स को 15 अंक से हराया

एजेंसी

**नोएडा।** तमिल थलाइवाज ने लगातार चार हार के बाद फिर से जीत की पटरी पर वापसी कर ली है। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वे सीजन के 57वें मैच में थलाइवाज ने बंगाल वारियर्स को 46-31 के अंतर से हराया। डिफेंस द्वारा जुटाए गए 19 प्वाइंट्स की मदद से थलाइवाज को 10 मैचों में चौथी जीत मिली जबकि बंगाल को लगातार तीसरी हार मिली।

थलाइवाज की जीत में रेडिंग से विशाल चहल (12), नरेंदर कंडोला (5) और मोइन शफागी (6) और डिफेंस से नितेश कुमार (6), आमिर हुसैन बस्तामी (7) का योगदान रहा। बंगाल की बात करें तो रेडिंग में नितिन (8) और विश्वास (9) के अलावा डिफेंस से नितेश (4) और फजल अतराचली (4) ने अच्छा प्रदर्शन किया।इस अहम मुकाबले में वारियर्स ने अच्छी शुरुआत कर 10 मिनट बाद 10-6 की लीड बना ली थी। इसमें विश्वास के सुपर रेड का योगदान है। दोनों टीमों ने हालांकि सावधान शुरुआत की थी। चार मिनट बाद स्कोर 2-2



था और फिर 4-4 हुआ लेकिन फिर बंगाल ने नितेश के टैकल्स की बदौलत तीन अंक की लीड लेकर विश्वास के सुपर रेड का इंतजार किया। ब्रेक के बाद थलाइवाज ने लगातार तीन अंक लेकर स्कोर 9-10 किया। फिर चार के डिफेंस विशाल ने सुपर रेड करते हुए न सिर्फ थलाइवाज को आगे किया बल्कि बंगाल को आलआउट की ओर धकेल दिया। फजल आए। बोनस लिया और लपके गए। पासा पलट चुका था। थलाइवाज 15-11 से आगे थे। आलइन के बाद बंगाल ने लगातार दो अंक के साथ स्कोर 13-15 किया लेकिन सचिन की जगह खेल रहे विशाल ने फासला तीन का कर दिया। अगली रेड पर विशाल ने फजल का शिकार कर बंगाल को बड़ा झटका दिया। फिर डू ओर डाई रेड पर विश्वास को लपक थलाइवाज ने स्कोर 18-13 कर लिया। बंगाल ने अपने डिफेंडरों के दम पर लगातार तीन अंक लेते हुए वापसी की राह पकड़ी और हाफटाइम तक स्कोर 16-18 कर दिया। हाफटाइम के बाद थलाइवाज ने दबदबा कायम रखा और जल्द ही पांच अंक की लीड ले ली।

थलाइवाज रोके नहीं रुक रहे थे। स्थानापन्न के तौर पर आए सुशील को लपक नितेश ने चौथा शिकार किया। फिर थलाइवाज ने बंगाल को दूसरी बार आलआउट करते हुए 26-16 की लीड ले ली। आलइन के बाद बंगाल ने 1 के मुकाबले दो अंक लेकर वापसी करनी चाही लेकिन शफागी ने सुपर रेड के साथ उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बंगाल एक बार फिर सुपर टैकल सिचुएशन में थे। विश्वास ने हालांकि दो अंक की रेड के साथ उसे इस स्थिति से निकाल दिया। अब 10 मिनट बाकी थे और थलाइवाज 32-20 से आगे थे। सागर के सेल्फ आउट होने से बंगाल फिर सुपर टैकल सिचुएशन में थे। वे इसका फायदा नहीं उठा सके और तीसरी बार आलआउट हो गए।विशाल ने सुपर-10 और थलाइवाज के नितेश ने हाई-5 पूरा किया। थलाइवाज अब 38-22 की लीड पर थे। बंगाल ने हालांकि शानदार वापसी करते हुए दो के मुकाबले छह अंक हासिल किए लेकिन लगातार तीन सुपर टैकल्स के साथ थलाइवाज ने उसकी वापसी की कोशिश बेकार कर दी।

# आराध्या यादव का तिहरा शतक, यूपी ने 587 रन पर घोषित की पारी



एजेंसी

**कानपुर।** आराध्या यादव (320) के तिहरे विस्फोटक शतक की मदद से उत्तर प्रदेश कर्नल सीके नायडू ट्राफी के दूसरे दिन गोवा के खिलाफ अपनी पहली पारी चार विकेट पर 587 रन बना कर घोषित कर दी। ग्रीनपार्क स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय गोवा ने अपनी पहली पारी में एक विकेट खोकर 82 रन बना लिये थे। अजान थोता 39 और कौशल हट्टागंडी 20 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। आज के खेल का मुख्य आकर्षण आराध्य का तिहरा शतक था जो उन्होने मात्र 412 गेंदो पर 38 चौके और एक छक्के की मदद से पूरा किया। उनके आउट होने के बाद शोएब सिद्दिकी (100) और प्रशांत वीर (100 नाबाद) का भी बल्ले से योगदान दर्शकों के रोमांच की वजह बना।

# स्पेंसर जानसन के पंजे से बेवश पाकिस्तान की हार

एजेंसी

**सिडनी।** स्पेंसर जानसन (26 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां पाकिस्तान को दूसरे टी20 मैच में 13 रन से हरा कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 147 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 134 रन बना कर आउट हो गयी। उस्मान खान (52) और इरफान खान (37 नाबाद) के अलावा पाकिस्तान के किसी और बल्लेबाज के पास आस्ट्रेलिया आक्रमण का जवाब नहीं था। पाकिस्तान के आठ बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक भी ले जाने में असफल रहे जबकि इनमें से चार तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। इरफान ने हालांकि मात्र 28 गेंदो की नाबाद पारी में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और चार चौके और एक छक्का लगा कर मैदान पर गर्मी ला दी



वहीं इससे पहले उस्मान ने अपनी अर्धशतकीय पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। उस समय ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान मेजबान टीम द्वारा दिये गये लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लेगा मगर जानसन ने उनके अरमानो पर पानी फेर दिया।

इससे पहले आस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत के बावजूद 147 रन का मामूली स्कोर खड़ा किया। हारिस रउफ (22 रन पर चार विकेट) और अब्बास अफरीदी (17 रन पर तीन विकेट) ने कंगारु बल्लेबाजों की जम कर क्लास ली वहीं सुफियान मकीम (21 रन पर दो विकेट) ने भी मेहमान बल्लेबाजों को प्रभावित किया। मैथ्यू शार्ट (32),जेक फ्रेज़र-मक्गर्क (20),ग्लेन मैक्सवेल (21) और एरेन हार्डी (28) ही पाक गेंदबाजों का कुछ समय तक लोहा ले सके।

# शुभमन चोटिल,शीर्ष क्रम में असमंजस की स्थिति

एजेंसी

**पर्थ।** रत के इंट्रा स्क्वाड मैच के दूसरे दिन स्लिप में फ़ील्डिंग के दौरान शुभमन गिल को हाथ में चोट लगने के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफ़ी के पहले टेस्ट मैच में भारतीय शीर्ष क्रम को लेकर असमंजस की स्थिति बढ़त गई है। गिल को बाएं हाथ में चोट लग गई जिसके बाद वह पूरे दिन फ़ील्डिंग के लिए नहीं आए। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस चोट के चलते 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए गिल के खेलने पर सवाल खड़ा हो सकता है या नहीं। ऐसी ख़बर थी कि न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घर सूपड़ा साफ़ होने के बाद रोहित ने टीम के साथ पहले ऑस्ट्रेलिया जाकर अभ्यास करने और फिर बच्चे के जन्म के दौरान भारत वापस आने की योजना भी बनाई थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह अब पर्थ टेस्ट खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगे या नहीं।पारी की शुरुआत करने के फ़ील्डिंग भी नहीं की। भारतीय टीम के पास शीर्ष क्रम में अभिमन्यु ईश्वरन के रूप में भी एक विकल्प




एक अन्य दावेदार केएल राहुल को मैच सिमुलेशन के पहले दिन शॉर्ट गेंद पर कोहनी में चोट लग गई थी। वह इसके बाद बल्लेबाज़ी करने नहीं आए। वहीं शनिवार को उन्होंने मौजूद है। शुक्रवार को दो बार बल्लेबाज़ी करने वाले गिल ने पहली बार में 28 रन मारे थे, नवदीप सैनी की बैक ऑफ़ लेंथ गेंद पर वह गली में कैच आउट हो गए थे।

# राष्ट्रीय फिन स्विमिंग चैंपियनशिप में पश्चिम बंगाल ने 23 पदक, दिल्ली ने 5 पदक जीते

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल में चौथी राष्ट्रीय फ़िनस्विमिंग चैंपियनशिप के पहले दिन पश्चिम बंगाल के तैराकों का दबदबा रहा। अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (यूएसएफआई) द्वारा आयोजित चैम्पियनशिप में पश्चिम बंगाल की टीम ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 23 स्वर्ण पदक जीते। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल ने 12 स्वर्ण और पुरुष वर्ग में 11 स्वर्ण पदक जीते। मेजबान दिल्ली ने जीते, पुरुष और महिला दोनों वर्ग में 5-5 पदक। पुरुषों ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते और महिलाओं ने 2 कांस्य पदक जीते। महाराष्ट्र ने पुरुष और महिला वर्ग में एक-एक सहित दो स्वर्ण पदक जीते। पश्चिम बंगाल



के लिए पुरुष वर्ग में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता हैं पुनित बगरोडिया (2 स्वर्ण), स्वर्णदीप शॉ, देबाग्निक दास, रोनित दास, अंगशुमन नाग, मिर्नाल डे, अरिंदम बिस्वास। महिला वर्ग में रितु बनर्जी (2 स्वर्ण), सुष्मिता दास, प्रकृति कुंडू, अहेली साहा, अनुष्का दास, हिया चक्रवर्ती, ऐश्वर्या गुप्ता, रूपाली मलिक और तृप्ति पाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली के लिए निकोलस मिली ने लड़कों के बी-आई फिन्स 200 मीटर जूनियर 'सी' वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और विराट ने लड़कों के बी-आई फिन्स 200 मीटर जूनियर 'ई' वर्ग में पहला स्थान हासिल किया।सिमरन नाथ ने लड़कों के बी-आई फिन्स 200 मीटर जूनियर 'डी' वर्ग में रजत पदक जीता। निष्ठा पटले ने लड़कियों की बी-आई फिन्स 400 मीटर जूनियर 'बी' श्रेणी में कांस्य पदक जीता। एनिका अग्रवाल ने लड़कियों के बी-आई फिन्स 200 एम जूनियर बी वर्ग में जीत हासिल की। इस चैंपियनशिप में पूरे भारत से लगभग 28 राज्य इकाइयों और 400 से अधिक जिलों ने इस आयोजन के लिए पंजीकरण कराया है और 1500 से अधिक प्रतिभागी 186 स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं और दोनों लिंगों में सभी आयु वर्गों में 558 पदक पदों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी।

# जीएसएल 2024 : गुडाकेश मोती गुयाना अमेजन वॉरियर्स टीम में शामिल हुए

एजेंसी

**जॉर्ज टाउन (गुयाना)।** स्पिन गेंदबाज गुडाकेश मोती एक्सॉनमोबिल गुयाना ग्लोबल सुपर लीग (जीएसएल) 2024 के लिए गुयाना अमेजन वॉरियर्स टीम का हिस्सा होंगे। 2021 में फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण करने के बाद से ही मोती अमेजन वॉरियर्स के लिए एक अहम खिलाड़ी रहे हैं। वह 2023 में कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और 2024 सीपीएल फाइनल में अमेजन वॉरियर्स के लिए खेले थेमोती सीपीएल 2024 के दौरान वॉरियर्स के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने सिर्फ 18.64 की औसत से 17 विकेट चटकाए थे। वह गुयाना के अपने साथी खिलाड़ियों शिमरोन हेटमायर, रोमारियो शेफर्ड और कीमो पॉल के साथ मिलकर वॉरियर्स की मजबूत




टीम में शामिल हो गए हैं।ग्लोबल सुपर लीग 26 नवंबर से 7 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें अमेजन वॉरियर्स का मुकाबला हैम्पशायर हॉक्स, लाहौर कलंदर्स, रंगपुर राइडर्स और विक्टोरिया से होगा। सभी मैच गुयाना नेशनल स्टेडियम, प्रोविडेंस में होने वाले हैं।

# आस्ट्रेलिया के प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के फैसले का पोटिंग ने किया बचाव

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच में अपने प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के ऑस्ट्रेलिया के फैसले का बचाव किया है।ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक मैच में कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा, और कंगारु टीम 22 साल में पहली बार घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला 2-1 से हार गई।

पर्थ में अंतिम वनडे में जब सीरीज 1-1 से बराबरी पर थी, तब मेजबान टीम ने स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को आराम देने का फैसला किया। ये सभी खिलाड़ी पर्थ में भारत के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा हैं जिसके चलते पाकिस्तान ने वह वनडे आसानी से आठ विकेट से जीत लिया। पोंटिंग ने कहा, 'इस पर नजर डालें तो यह कुछ ऐसा रहा होगा जिसका फैसला बहुत पहले ही कर लिया गया था क्योंकि सीरीज 1-1 से बराबर होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीमों को हारना पसंद नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक अपनी टीम को हारते हुए देखना पसंद नहीं करते और मुझे लगता है कि पिछले कुछ दिनों में यह बात उजागर हुई है। इस श्रृंखला जीत से पहले, पाकिस्तान की ऑस्ट्रेलियाई धरती पर आखिरी एकदिवसीय श्रृंखला जीत 2002 में हुई थी। तब से, उन्होंने दो दौरों (2009/10 और 2016/17) में 10 एकदिवसीय मैच खेले, और केवल एक बार जीत हासिल की। अंतिम वनडे और टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत के बीच लंबे अंतराल को देखते हुए, प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के फैसले पर सवाल उठाए गए थे। पोंटिंग ने कहा, लोगों को शायद सबसे अधिक निराशा वाली बात यह लगी कि तीसरे वनडे और पहले टेस्ट के बीच कितना बड़ा अंतर था।ऑस्ट्रेलिया के प्रबंधन ने एकदिवसीय श्रृंखला के तत्काल परिणाम पर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का विकल्प चुना और पोंटिंग का मानना ??है कि पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए यह टीम के लिए फायदेमंद साबित होगा। पोंटिंग ने कहा, इसे देखने का दूसरा पहलू यह है कि इन लड़कों को अब काफी कम समय में लगातार पांच टेस्ट मैच खेलने हैं और निश्चित रूप से, तेज गेंदबाजों के लिए, यह कभी भी आसान नहीं है। मुझे यकीन है कि योजना उन लोगों को यह देने की थी कि ब्रेक उन्हें टेस्ट श्रृंखला के अंत तक थोड़ा तरोताजा और स्वस्थ बना देगा।हालाँकि, पोंटिंग ने यह भी कहा कि अकेले आराम करने से लंबी टेस्ट श्रृंखला की शारीरिक और मानसिक कठिनाइयों का समाधान नहीं हो सकता है। उन्होने अपने पिछले दौरे में भारत के उदाहरण की ओर इशारा किया जब उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए कई चोटों पर काबू पाया था। उन्होंने कहा, 'पिछली बार जब भारत यहां था तो हमने देखा कि वे आस्ट्रेलिया से ज्यादा संघर्ष कर रहे थे। उन्हें रास्ते में हर तरह की चोटें लगीं और फिर भी उन्होंने खड़े होने और जीतने का रास्ता ढूंढ लिया।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने चीन पर 3–0 से जीत दर्ज की

एजेंसी

**राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में चीन को 3-0 से हरा दिया।

हैवीवेट मुकाबले में संगीता कुमारी (32), सलीमा टेटे (37) और दीपिका (60) ने भारत की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया। इस खेल ने तालिका के शीर्ष पर भारत की स्थिति को मजबूत कर दिया, जबकि दीपिका ने भी गोल स्कोरिंग चार्ट के शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित कर लिया, अब उनके नाम पर 8 गोल हो गए हैं। भारत ने शुरूआती सीटी बजने से ही पहल की और दीपिका ने सीटी बजने के कुछ सेकंड के भीतर ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। उसने गोल की ओर एक शक्तिशाली फ्लिक का प्रयास किया, लेकिन चीन के गोलकीपर सुरोंग वू ने जोरदार बचाव किया। भारत ने चतुराईपूर्ण पास और चतुर चाल से गति निर्धारित की, जबकि चीन केवल कभी-कभार जवाबी हमले ही कर सका।

क्वार्टर के पांच मिनट बाद शर्मिला ने आधी लाइन पर गेंद उठाई और शूटिंग सर्कल की ओर ले गई। वह सुनेलिटा के पास गई, लेकिन हमलावर गोलकीपर ने उसके प्रयास को विफल कर दिया। चीन ने खेल में प्रगति की और कुछ क्षेत्र हासिल कर लिया, कोई भी टीम दूसरे की रक्षा को तोड़ने में कामयाब नहीं हुई और पहला क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ। चीन को जवाबी हमले का पहला मौका दूसरे क्वार्टर में मिला। चेनचेंग लियू ने गेंद को गोल के पार फेंक दिया, जिससे भारतीय गोलकीपर बिचू हाथापाई करने लगे, लेकिन गेंद को अंदर डालने के लिए कोई भी मौजूद नहीं था। भारत ने क्वार्टर में पांच मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन उदिता के शॉट को आसानी से रोक दिया गया। अगला मौका चीन की यानान जू को मिला, जिन्होंने बाएं विंग से रिवर्स टॉमहॉक का प्रयास किया, लेकिन उनका शॉट साइड नेट में लग गया। भारत ने जवाब में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन वे भी इसे गोल में बदलने में नाकाम रहे। खेल अंत-से-अंत तक अधिक जटिल हो गया, कोई भी टीम एक इंच भी देने को तैयार नहीं थी और गतिरोध दूसरे हाफ तक जारी रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने एक कदम आगे बढ़ाया। दीपिका ने पिच के ऊपर एक मिसपास का फायदा उठाया और लालरेम्सियामी को शूटिंग सर्कल के केंद्र में अकेला पाया, लेकिन उनका पहली बार का शॉट आसानी से दूर चला गया। निडर होकर, भारत ने फिर से कब्जा कर लिया, और सुशीला ने बैक लाइन से संगीता कुमारी को एक भ्रामक पास दिया, जिसने तुरंत प्रतिक्रिया करते हुए रॉकेट पास को गोल में बदल दिया, जिससे गतिरोध टूट गया।पांच मिनट बाद, प्रीति दुबे ने बेसलाइन के साथ एक शानदार ड्राइव शुरू की और एक अज्ञात सलीमा टेटे को पास दिया, जिन्होंने सर्कल में देर से दौड़ लगाई और गेंद को गोल में धकेल दिया, जिससे भारत की बढ़त दोगुनी हो गई। शेष क्वार्टर में स्कोर करने की कुछ और धमकियों के बावजूद, दोनों टीमें फिनिशिंग टच नहीं पा सकीं।

# बेंगलुरू बुल्स को 10 अंक से हराकर पांचवें स्थान पर पहुंचे दबंग दिल्ली केसी

एजेंसी

**नोएडा।** दबंग दिल्ली केसी ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 58वें मैच में बेंगलुरू बुल्स को 35-25 से अंतर से हराकर अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। बीते चार मैचों से दिल्ली की टीम अजेय है, जबकि बुल्स को लगातार तीसरी और 10 मैचो में कुल आठवीं हार मिली है। अंक तालिका में दो स्थान की छलांग लगाने वाली दिल्ली की जीत में आशू मलिक (14) एक बार चमके। इसके अलावा डिफेंस मे योगेश ने पांच और संदीप तथा आशीष ने तीन-तीन अंक जुटाए। बुल्स के लिए नितिन रावल ने शानदार हाई-5 के साथ सात अंक बटोरे। परदीप नरवाल (5) ने हालांकि निराश किया। बहरहाल, आशू ने एक बेहतरीन मल्टी प्वाइंट रेड के साथ दिल्ली को 3-0 की लीड दिलाई, लेकिन जयभगवान ने भी मल्टी प्वाइंट रेड के साथ हिसाब चुकता किया। फिर नितिन ने आशू का शिकार कर स्कोर 3-3 कर दिया। फिर 4-3 के स्कोर पर दिल्ली के डिफेंस ने डू ओर डाई रेड पर आए जयभगवान को लपक लिया। प्रतीक ने हालांकि इसी तरह की रेड पर विनय को लपक लिया। रिवाइव होकर आए जयभगवान फिर डू ओर डाई रेड पर आए और लपके गए। अब तक दिल्ली को 6-4 की लीड



मिल चुकी थी। मोहित ने इसके बाद खाता खोलते हुए फासला 03 का कर दिया। इसके 10 मिनट के बाद दिल्ली 8-5 से आगे थी। ब्रेक के बाद विनय ने परदीप को लपक फासला 04 का कर बुल्स को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। बुल्स ने इसका फायदा उठाया और नितिन ने आशू का शिकार कर स्कोर 8-10 कर दिया। दिल्ली ने फिर दो अंक लेकर बुल्स को सुपर टैकर सिचुएशन में ला दिया। हाफटाइम के बाद पांच मिनट के खेल में दिल्ली ने दो के मुकाबले तीन अंक लेकर 06 अंक का फासला बनाए रखा। इस बीच नितिन ने डू ओर डाई रेड पर विनय का शिकार कर सीजन का तीसरा हाई-5 पूरा किया। नितिन यहीं रुके और मोहित को लपक 17-22 कर दिया। फिर अक्षित ने फासला 4 का कर दिया। खेल 10 मिनट बचे थे और दिल्ली 23-19 से आगे थी। ब्रेक के बाद आशू ने सुपर रेड फासला फिर 07 कर दिया। अब डेढ़ मिनट का खेल बचा था और दिल्ली 06 अंक से आगे थी। इसी बीच आशू डू ओर डाई रेड पर आए। आशू ने बुल्स को सुपर टैकल का मौका नहीं दिया और उसे आलआउट करते हुए 34-24 की लीड के साथ अपनी टीम की जीत पक्की कर दी।

## नेपाल के रास्ते कनाडा जा रहे दो संदिग्ध खालिस्तानी समर्थक को काठमांडू विमानस्थल पर रोका गया

एजेंसी

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर दो संदिग्ध खालिस्तानी समर्थक को पुलिस ने कनाडा जाने से रोक दिया है। दोनों संदिग्ध इस समय नेपाल इमिग्रेशन के नियंत्रण में हैं जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। काठमांडू विमानस्थल पर रहे इमिग्रेशन के अधिकारियों ने नेपाल का विमानस्थल प्रयोग कर कनाडा जा रहे दो खालिस्तानी सिखों को रोके जाने की खबर है। विमानस्थल के सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि किसी भी भारतीय नागरिक के लिए नेपाल के रास्ते किसी अन्य तीसरे देश में जाने के लिए काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना होता है। लेकिन इमिग्रेशन विभाग ने दो भारतीय नागरिकों को एनओसी के बिना ही यात्रा करने के कारण नियंत्रण में लिया है। इमिग्रेशन विभाग के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पंजाब के रहने वाले हरजिंदर सिंह (पासपोर्ट नंबर S0561513) जो कि बिमान बांग्लादेश से ढाका के रास्ते कनाडा के तरफ जा रहे थे उनको रोका गया है। इसी तरह पंजाब के ही निवासी सोना सिंह (पासपोर्ट नंबर 0120889) जो कि एयर चाइना के विमान से छंगदू होते हुए इटली के रास्ते कनाडा जा रहे थे उनको भी इमिग्रेशन वालों ने रोक लिया है।

## चीन और भारत के बीच छह कॉरिडोर बनाने के लिए नेपाल की तरफ से प्रस्ताव की तैयारी

**काठमांडू,।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के प्रस्तावित चीन भ्रमण के दौरान चीन और भारत के बीच छह कॉरिडोर राजमार्ग बनाने के लिए प्रस्ताव करने की तैयारी की गई है। प्रधानमंत्री ओली के चीन भ्रमण की तैयारी में जुटे प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चीनी दूतावास के अधिकारियों के साथ इस प्रस्ताव को भी एजेंडा में शामिल किया है। 30 नवंबर से नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा देउवा और 02 दिसंबर से प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की प्रस्तावित चीन भ्रमण के दौरान नेपाल के तरफ से चीन और भारत को जोड़ने वाले छह सीमा नाका को जोड़कर कॉरिडोर राजमार्ग बनाने का प्रस्ताव किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत बहादुर राय ने बताया कि अभी विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री के चीन भ्रमण के एजेंडा को अंतिम रूप देने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि चीन भ्रमण में पोखरा एयरपोर्ट और बीआरआई कार्यान्वयन सहित चीन के तरफ से भौतिक पूर्वधार निर्माण में सहयोग की सूची तैयार की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि नेपाल की तरफ से चीन और भारत को जोड़ने वाले छह प्रमुख सीमा नाका तक राजमार्ग बनाने का प्रस्ताव किया गया है।

## पेरू में मिले इशिबा-जिनपिंग, जापान ने चीन के आक्रामक सैन्य युद्धाभ्यास पर चिंता जताई

**लीमा।** एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच के शिखर सम्मेलन में यहां हिस्सा लेने पहुंचे जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात तो हुई पर रिश्तों में जमी बर्फ पूरी तरह नहीं पिघली। इशिबा ने शी से कहा कि जापान चीन के बढ़ते आक्रामक सैन्य युद्धाभ्यास से बेहद चिंतित है। जापान टुडे समाचार पत्र की खबर में इस मुलाकात पर विस्तृत चर्चा की गई है। इसमें कहा गया कि हालांकि शिगेरु इशिबा ने जिनपिंग से अपनी पहली व्यक्तिगत वार्ता में परस्पर लाभकारी और स्थिर संबंधों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इशिबा ने कहा कि जापान और चीन के बीच कई मतभेद हैं। इन मतभेदों के बावजूद वह राष्ट्रपति जिनपिंग से परस्पर संवाद के पक्षधर हैं। जापान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्ष विभिन्न स्तरों पर और अधिक बातचीत करने पर सहमत हुए। इनमें विदेश मंत्रियों की पारस्परिक यात्राएं और दोनों देशों की उच्चस्तरीय आर्थिक वार्ता शामिल है। हालांकि चीन अपने क्षेत्रीय दावों पर जोर देने के लिए जापान-नियंत्रित द्वीप के साथ-साथ ताइवान और दक्षिण चीन सागर में आक्रामक नौसैनिक और हवाई गतिविधियां जारी रखता है। इस साल अगस्त में एक चीनी सैन्य विमान ने जापान के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की थी। इसके अगले माह दक्षिणी चीनी शहर शेन्जेन में एक जापानी स्कूली छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

## गिलगित-बाल्टिस्तान की चोटियों पर तेज बर्फबारी, तापमान शून्य से 14 डिग्री सेल्सियस नीचे

**इस्लामाबाद।** गिलगित-बाल्टिस्तान में हो रही बर्फबारी से इलाके में सड़क और संचार संपर्क कट गया है। भारी बर्फबारी से समूचे पहाड़ी इलाके में तापमान गिरकर शून्य से 14 सेल्सियस नीचे चला गया है। इससे क्षेत्रवासियों की मुसीबत बढ़ गई है। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, गिलगित-बाल्टिस्तान के ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी से बाबूसर टॉप और खुंजेराब दर्रा सहित प्रमुख मार्ग बंद हो गए हैं। इस वजह से पाकिस्तान और चीन मार्ग कई जगह बाधित हो गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि खुंजेराब दर्रे पर कई वाहन फंसे हुए हैं। राउंडू में चट्टान गिरने से बाल्टिस्तान रोड अवरुद्ध है। गिलगित-बाल्टिस्तान ने हुंजा, घीजर, स्कार्दू, शिगर और घांच जिलों में भारी बर्फबारी जारी रहने की चेतावनी दी है। स्कार्दू के डिप्टी कमिश्नर के मुताबिक, सेना ने बर्फ से ढके देवसाई में फंसे 15 यात्रियों को बचा लिया है।

# सूडान में हालात बेहद गंभीर, जारी हिंसा से गहरा सकता है मानवीय संकट- संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्मियों ने चेतावनी दी है कि सूडान में बढ़ती हिंसा के कारण हजारों लोग खतरे में हैं। यह हिंसा मानवीय संकट को और गंभीर बना रही है। 'इंटरनेशनल माइग्रेशन ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार, एक महीने से भी कम समय में, सूडान की राजधानी 'खार्तूम' के दक्षिण में अज जजीरा राज्य में 3,43,000 से अधिक सूडान के नागरिक विस्थापित हो गए हैं। ये नागरिक लगातार बढ़ रही लड़ाई और असुरक्षा के बीच मौजूद हैं। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार उनमें से अधिकांश पड़ोसी राज्यों 'गेदारेफ' और 'कसाला' में भाग गए हैं, जहां संयुक्त राष्ट्र और उनसे साझेदार, मेजबान लोगों के साथ मिलकर भोजन, शेल्टर, हेल्थ केयर, मनोवैज्ञानिक सेवाएं, पानी और स्वच्छता समेत इमरजेंसी सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहे



हैं।मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि अज जजीरा में हथियारों के साथ हो रही हिंसा करीब 10,000 लोगों के जीवन को खतरे में डाल रही है। कार्यालय द्वारा पिछले सप्ताह किए गए एक आकलन में पाया गया कि 'गेदारेफ' और 'कसाला' में आने वाले विस्थापित सूडान के नागरिक कई दिनों तक पैदल चले थे। अब वे खुले में शरण ले रहे हैं, जिनमें बच्चे, महिलाएं, बूढ़े और बीमार व्यक्ति शामिल हैं। ओसीएचए ने कहा कि अज जजीरा में लड़ाई से भागे नागरिकों को तुरंत टेंट, प्लास्टिक शीट, हीटर, गद्दे, दवाइयां और भोजन की जरुरत है। विस्थापन की वजह से 'गेदारेफ' में हैजा के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी गई है।इस महीने की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के एक्सटर्नल रिलेशन के डायरेक्टर डोमिनिक हाइड ने कहा, दर्द, क्रूर अत्याचार और व्यापक मानवाधिकार उल्लंघन को डेढ़ साल से अधिक समय हो गया है। हर दिन, हर मिनट, दुनिया के ध्यान से दूर युद्ध और हिंसा से हजारों लोगों की जान चली जाती है। संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ताओं ने नागरिकों की सुरक्षा की अपनीअपील दोहराई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानवीय कानून के तहत, नागरिकों को जीवित रहने के लिए आवश्यक सहायता को उन तक पहुंचना चाहिए।

## वूशी कॉलेज में चाकूबाजी, 8 की मौत, 17 घायल

एजेंसी

**वूशी।** चीन के वूशी शहर में एक दर्दनाक घटना में, यीशिंग आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स वोकेशनल एंड ट्रेनिंग कॉलेज में 21 वर्षीय छात्र ने चाकू से हमला कर 8 लोगों की जान ले ली, जबकि 17 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे घटी। संदिग्ध हमलावर, जिसका सरनेम शू बताया जा रहा है, कॉलेज का ही पूर्व छात्र था। उसे घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि शू अपने परीक्षा परिणाम खराब होने और डिप्लोमा न दिए जाने से नाराज था। इसके अतिरिक्त, इंटर्नशिप के दौरान कम वेतन मिलने से भी वह परेशान था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, शू ने हमले की बात स्वीकार कर ली है। यह भी सामने आया है कि इस क्रूर कदम के पीछे उसका गुस्सा और असंतोष था।

घायलों का इलाज नजदीकी अस्पतालों में जारी है, और पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। यह घटना न केवल स्थानीय समुदाय बल्कि पूरे देश में सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सवाल खड़े कर रही है।

इस घटना ने शिक्षा संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और




तनाव प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि छात्रों के मानसिक और भावनात्मक तनाव को समझने और समय रहते उनका समाधान करने की पहल की जानी चाहिए।

## भारत–नेपाल के सीमा सुरक्षा प्रमुखों की बैठक साल में दो बार आयोजित करने का प्रस्ताव

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने वर्ष में दो बार सीमा सुरक्षा प्रमुख स्तर की द्विपक्षीय बैठकें आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। एपीएफ और एसएसबी प्रमुखों के नेतृत्व में शनिवार से काठमांडू में शुरू हुई दो दिवसीय सीमा सुरक्षा समन्वय बैठक में यह प्रस्ताव लाया गया। वर्ष 2012 से दोनों देशों द्वारा वर्ष में एक बार एपीएफ और एसएसबी प्रमुख स्तर की सीमा सुरक्षा समन्वय बैठकें आयोजित की जाती रही हैं। दोनों पक्षों की सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, सीमा सुरक्षा, सीमा पार अपराध की रोकथाम और नियंत्रण, तीसरे देश के नागरिकों की घुसपैठ पर नियंत्रण और आतंकवाद पर नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बैठक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। एपीएफ सीमा सुरक्षा के लिए तैनात नेपाल की मुख्य सुरक्षा एजेंसी है। भारत की तरफ से नेपाल के सीमावर्ती इलाके में एसएसबी तैनात रहती है। सशस्त्र पुलिस बल के महानिरीक्षक राजू अर्याल के नेतृत्व में एपीएफ मुख्यालय में आज से शुरू हुई आठवीं बैठक में सशस्त्र पुलिस, नेपाल पुलिस और गृह मंत्रालय के अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस बैठक में बैठक में सहभागी होने के लिए एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद के नेतृत्व में सुरक्षा अधिकारी काठमांडू आये हैं। बैठक में भाग ले रहे एपीएफ के डीआईजी पुरुषोत्तम थापा ने बताया कि आज की बैठक में सीमा पार अपराध की रोकथाम, नियंत्रण, सीमा सुरक्षा से संबंधित विषयों को दोनों देशों के साझा एजेंडे के रूप में प्राथमिकता के साथ शामिल किया गया है।

नेपाल के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषि राम तिवारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा के लिए तैनात दोनों देशों के सुरक्षा प्रमुख आम समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। सीमा पार अपराध की रोकथाम और नियंत्रण के लिए निर्धारित शासनादेशों को प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जाए, इस मुद्दे को एक आम एजेंडे के रूप में सामने रखा गया है। बैठक में पिछले एजेंडे की समीक्षा भी की गयी।

## आईएईए चीफ ने किया ईरान की न्यूक्लियर साइट्स का दौरा

एजेंसी

**तेहरान ।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने पहली बार नतांज और फोर्डो में दो ईरानी परमाणु स्थलों का दौरा किया। सिन्हुआ ने शुक्रवार को अर्ध-सरकारी फार्स समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी।

यात्रा के दौरान ग्रॉसी के साथ आईएईए के उप महानिदेशक और आईएईए के सुरक्षा विभाग के प्रमुख मास्सिमो अपारो, ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के प्रवक्ता बेहरोज कमालवंडी और कानूनी एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के लिए ईरानी उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी भी थे। गुरुवार को, ग्रॉसी ने ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची के साथ अपनी बैठक के बाद मीडिया से कहा कि दोनों परमाणु साइट्स का दौरा, ईरान की उनकी यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



उन्होंने कहा कि इससे मुझे ईरान के परमाणु कार्यक्रम के विकास की पूरी तस्वीर समझने में मदद मिलेगी। गुरुवार को, ग्रॉसी ने देश की परमाणु गतिविधियों पर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और एईओआई के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी से भी मुलाकात की। बता दें कि ग्रॉसी की ईरान यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब तेहरान और आईएईए के बीच कई लंबित मुद्दे अभी भी सुलझ नहीं पाए हैं। इसमें एजेंसी का यह दावा भी शामिल है कि उसे कई अघोषित ईरानी स्थलों पर यूरेनियम के अवशेष मिले हैं, जिसे तेहरान ने बार-बार खारिज किया है।

## लेबनान पर इजरायली हवाई हमले में 11 की मौत, 11 घायल

एजेंसी

**बेरूत,।** दक्षिण और पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

शनिवार को आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, पूर्वी बालबेक-हर्मेल गवर्नमेंट के खीबेह गांव में एक घर पर इजरायली हमले में एक ही परिवार के छह लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, नाबातिया नगरपालिका के गोदाम पर हुए हमले में पांच कर्मचारियों की मौत हो गई सैन्य सूत्रों के अनुसार, शनिवार को इजरायली युद्धक विमानों और ड्रोन ने दक्षिण और पूर्वी लेबनान के गांवों और कस्बों पर लगभग 90 हमले किए। इसके अलावा, 16 गांवों पर लगभग 75 गोले दागे गए। इसके अलावा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों में तीन पैरामेडिक्स की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। समाचार



एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हिजबुल्लाह ने शनिवार को एक बयान में बताया कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान के चामा गांव में एक इजरायली टैंक को मिसाइल से निशाना बनाया, जिससे उसमें सवार सैनिक हताहत हुए।

उन्होंने इजरायली सैनिकों और वाहनों के ठिकानों को भी मिसाइल और रॉकेट से निशाना बनाया। इनमें उत्तर इजरायल के शहरों जैसे अकरे, हैफा, सफेद और किर्यात शमोना शामिल हैं। 23 सितंबर से इजरायल ने लेबनान पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। अक्टूबर की शुरुआत में इजरायल ने लेबनान सीमा पर जमीनी अभियान भी शुरू कर दिया है। लेबनान स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 8 अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायली हमलों में 3,452 लोग मारे गए और 14,664 लोग घायल हुए।

## चोरी की कार में सवार होकर ट्रंप के घर पहुंचा एक शख्स

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में एक व्यक्ति को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह चोरी की कार से मार-ए-लागो (ट्रंप का घर) पहुंचा और उसने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करने की इच्छा जताई। पाम बीच पुलिस ने शख्स की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए इस बात की जानकारी दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गर्मियों के बाद से मार-ए-लागो में गिरफ्तार होने वाला यह तीसरा शख्स है। यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई, जब ट्रंप ने हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता है। जेल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि 52 वर्षीय सरसोटा निवासी शख्स पर वाहन चोरी और बिना वैध लाइसेंस के मोटर वाहन चलाने का आरोप है। उसे शुक्रवार की सुबह पाम बीच काउंटी जेल में 5,250 डॉलर के बांड पर रखा गया था, जिसके




बाद उसे जज के समक्ष पहली बार पेश होना था।पाम बीच पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह एक एसयूवी हुंडई कोना में सवार होकर मार-ए-लागो क्लब के पास स्थित एक पार्किंग स्थल पर पहुंचा। इसके बाद उसने गुरुवार रात 9–15 बजे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति से बात करने की इच्छा जताई। रिपोर्ट में कहा गया कि पाम बीच काउंटी शेरिफ के कार्यालय डिटेक्टिव और यूएस सीक्रेट सर्विस एजेंट ने उसे पकड़ लिया।

# 55, 000 डाक कर्मचारी हड़ताल पर, पोस्टल सेवाएं प्रभावित

एजेंसी

**ओटावा ।** कनाडा पोस्ट ने कहा कि राष्ट्रीय हड़ताल के दौरान उसका कामकाज बंद रहेगा। इससे लाखों कनाडाई नागरिक और देशभर के बिजनेस प्रभावित होंगे। कैनेडियन यूनियन ऑफ पोस्टल वर्कर्स (सीयूपीडब्ल्यू) के प्रतिनिधित्व वाले लगभग 55,000 डाक कर्मचारी शुक्रवार को मध्य रात्रि के बाद देशव्यापी हड़ताल पर चले गए।

कनाडा पोस्ट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय स्वीकार नहीं की जाएगी।समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा



पोस्ट ने अपने एक बयान में कहा कि परिचालन फिर से शुरू होने पर वस्तुओं को जल्दी से जल्दी लोगों तक पहुंचाया जाएगा।डाक नेटवर्क में सभी मेल और पार्सल को सुरक्षित किया जाएगा और परिचालन फिर से शुरू होने पर जल्दी ही लोगों तक पहुंचा दिया जाएगा। बता दें कि देश भर में अपनी सुविधाएं बंद करने से कनाडा पोस्ट का पूरा राष्ट्रीय नेटवर्क प्रभावित होगा। कंपनी ने कहा कि प्रोसेसिंग और डिलीवरी को पूरी तरह से सामान्य होने में कुछ समय लग सकता है।इसे कैनेडियन यूनियन ऑफ पोस्टल वर्कर्स (सीयूपीडब्ल्यू) ने कहा कि एक वर्ष तक बातचीत के बाद भी कोई प्रगति नहीं होने पर डाक कर्मचारियों ने हड़ताल करने का कठिन निर्णय लिया। सीयूपीडब्ल्यू ने कहा कि कनाडा पोस्ट के पास इस हड़ताल को रोकने का अवसर था, लेकिन उसने डाक कर्मचारियों द्वारा रोज सामना किए जाने वाले मुद्दों के वास्तविक समाधान पर बातचीत करने से इनकार कर दिया। सीयूपीडब्ल्यू ने कहा, हड़ताल अंतिम उपाय है। सीयूपीडब्ल्यू की उचित वेतन, सुरक्षित कार्य स्थितियां, सम्मान के साथ सेवानिवृत्त होने का अधिकार, तथा सार्वजनिक डाकघर में सेवाओं का विस्तार जैसी मांगो को लेकर हड़ताल कर रही है। सीयूपीडब्ल्यू ने कहा कि बातचीत के जरिए सामूहिक समझौते किए जा सकते हैं।


संरक्षक: संजय शुक्ला, ( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह सपांदक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है


# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सैन्य शिविर पर हमला, सात सैनिकों की मौत

एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के कलात इलाके में शनिवार तड़के एक सैन्य शिविर पर हुए हमले में कम से कम सात पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। जानकारी के अनुसार, भारी मात्रा में गोला-बारूद से लैस बीएलए आतंकवादियों ने कलात के शाह मर्दन इलाके में पाकिस्तानी सेना के मुख्य शिविर पर हमला किया। यह हमला पाकिस्तानी सशस्त्र बलों की ओर से पिछले कुछ दिनों में जारी अभियानों के जवाब में किया गया। सेना के ऑपरेशन में बड़ी संख्या में आंतकवादी मार गए हैं।बताया जा रहा है कि हमलावरों ने शिविर पर कथित तौर पर एक साथ कई दिशाओं से हमला किया।



पाकिस्तानी सेना के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से इस घटना के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। हालांकि, कलात के स्थानीय सूत्रों की मानें तो यह हमला बड़ी संख्या में आतंकवादियों द्वारा किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) बलूचिस्तान के सैनिक हताहत हुए। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के प्रवक्ता जीयान बलूच ने मीडिया को जारी एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली। बयान में कहा गया, हम कलात में पाकिस्तानी सेना के शिविर पर हमले की जिम्मेदारी लेते हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने कलात में पाकिस्तानी सेना के शिविर पर हमला किया। सूत्रों का कहना है कि हमले में हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है।बलूचिस्तान में बीएलए जैसे आतंकवादी समूहों के खिलाफ वर्तमान में कई सैन्य अभियान चलाए जा रहे हैं।हाल ही में, पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसने बलूचिस्तान के केच जिले में समानांतर अभियानों में कम से कम 12 आतंकवादियों को मार गिराया।

## नेतन्याहू के आवास पर फिर हमला, दो फ्लैश बम दागे, इजराइल ने अंजाम भुगतने की चेतावनी दी

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उत्तरी इजरायली शहर कैसरिया स्थित निवास की ओर दो फ्लैश बम दागे गए जो बगीचे में गिरे। घटना में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। शनिवार शाम सुरक्षा निकायों की तरफ से दिए गए संयुक्त बयान में बताया गया है कि घटना के समय नेतन्याहू और उनके परिवार के सदस्य घर में मौजूद नहीं थे। घटना की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है। इजराइल ने इस हमले को उकसाने वाली बेहद गंभीर हरकत करार देते हुए हमलावरों को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। दी टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि घटना की जांच चल रही है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने रविवार तड़के एक्स पोस्ट साझा कर कहा कि सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों से आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर ने लिखा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई सभी सीमाओं को पार कर गई है। आज रात उनके घर पर फ्लैश बम दागना एक और लाल रेखा को पार करने जैसा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अक्टूबर में कैसरिया में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के घर की ओर ड्रोन लॉन्च किया गया था, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। इस हमले को लेकर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि ईरान के प्रॉक्सी हिज्बुल्लाह ने कैसरिया शहर में उनके घर की तरफ ड्रोन से हमला कर उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश की थी।


## नेतन्याहू के आवास पर फिर हमला, दो फ्लैश बम दागे, इजराइल ने अंजाम भुगतने की चेतावनी दी


एजेंसी

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उत्तरी इजरायली शहर कैसरिया स्थित निवास की ओर दो फ्लैश बम दागे गए जो बगीचे में गिरे। घटना में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। शनिवार शाम सुरक्षा निकायों की तरफ से दिए गए संयुक्त बयान में बताया गया है कि घटना के समय नेतन्याहू और उनके परिवार के सदस्य घर में मौजूद नहीं थे। घटना की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है। इजराइल ने इस हमले को उकसाने वाली बेहद गंभीर हरकत करार देते हुए हमलावरों को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। दी टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि घटना की जांच चल रही है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने रविवार तड़के एक्स पोस्ट साझा कर कहा कि सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों से आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर ने भी एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई सभी सीमाओं को पार कर गई है। आज रात उनके घर पर फ्लैश बम दागना एक और लाल रेखा को पार करने जैसा है।


सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुद्दीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी